वर्ष-3, अंक-17
इन्दौर, मंगलवार
17 दिसम्बर 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 3 रु.

दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761

**चाणक्य नीति**

'जो धैर्यवान नहीं है उसका न वर्तमान और न ही भविष्य'
मुझे वह दौलत नहीं चाहिए जिसके लिए कठोर यातना सहनी पड़े, या सदाचार करना पड़े, या अपने शत्रु की चापलूसी करनी पड़े।
-चाणक्य

प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

## पुलिस बैंड सांस्कृतिक परंपरा, प्रेरणा और अनुशासन का प्रतीकः मुख्यमंत्री

### पुलिस बैंड की शानदार प्रस्तुति ने सभी को किया मंत्रमुग्ध

**भोपाल, राष्ट्रीय जनभावना।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी पुलिस बैंड की परंपरा सिर्फ संगीत नहीं, बल्कि यह हमारी राष्ट्रीयता, अनुशासन और गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है। चाहे वह स्वतंत्रता संग्राम के दौरान कदम-कदम बढ़ाए जा की धुन हो या वैदिक काल के शंखनाद, संगीत ने हमेशा से हमारी संस्कृति और संघर्षों को दिशा दी है। बीते समय में पुलिस बैंड की इकाइयां धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही थीं। इसे पुनर्जागृत करने के उद्देश्य से निर्णय लिया कि हर जिले में एक पुलिस बैंड होना चाहिए। यह न केवल हमारे सशस्त्र बल की गरिमा को बढ़ाता है, बल्कि त्योहारों, राष्ट्रीय पर्वों और विशेष आयोजनों में देशभक्ति की भावना को भी जागृत करता है।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार प्रांगण में जनकल्याण पर्व पर आयोजित पुलिस बैण्ड के प्रस्तुतिकरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी पुलिस केवल कानून-व्यवस्था तक सीमित नहीं है। कोरोना महामारी जैसे कठिन समय में पुलिस ने अनुशासन और समर्पण का अद्भुत परिचय दिया। उनके इस प्रयास को प्रोत्साहित करना हमारी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी पुलिस बैंड के प्रत्येक जवान को 10-10 हजार रूपए पुरस्कार स्वरूप देने की घोषणा भी की है।

भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज इस अद्भुत आयोजन में आप सभी के बीच उपस्थित होकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हुई है। जनकल्याण पर्व के अंतर्गत आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में पुलिस बैंड की शानदार प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया है। मैं सभी कलाकारों और उनके प्रशिक्षकों को हृदय से बधाई देता हूं। पुलिस आयुक्त भोपाल श्री हरिनारायणचारी मिश्रा ने कहा कि पिछले एक वर्ष के दौरान किये गये कार्यों के अनुसार जनकल्याण पर्व की अद्भुत श्रृंखला में आज का यह कार्यक्रम बेहद अहम है। बीते वर्ष पुलिस विभाग ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व और मार्गदर्शन में कई नए आयाम स्थापित किए हैं। विशेषकर संगठित अपराधों में कमी आई है, महिला संबंधी अपराधों में भी सुधार हुआ है और संस्थागत स्तर पर अनेक बड़े बदलाव हुए हैं।

''मुख्यमंत्री जन कल्याण पर्व एवं विजय दिवस÷ के अवसर पर आयोजित मध्यप्रदेश पुलिस बैंड के भव्य आयोजन में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास सारंग, विधायक श्री भगवानदास सबनानी, भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय, एडीजी श्री राकेश गुप्ता सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## विधानसभा नहीं घेर सके कांग्रेस नेता, मंच पर दी गिरफ्तारी

**भोपाल, राष्ट्रीय जनभावना।** मध्यप्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने विधानसभा के घेराव का ऐलान किया था। इसके लिए बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता राजधानी के जवाहर चौक पर जुटे। कांग्रेस नेताओं ने यहां सभा की।



हालांकि यहां से विधानसभा घेराव के लिए नहीं जा सके। सभा के बाद कांग्रेस नेताओं ने मंच पर ही गिरफ्तारी दी। यहीं से उन्हें रिहा भी कर दिया गया। पुलिस की ओर से कहा गया कि विधानसभा सत्र चल रहा है, धारा 144 लागू है। ऐसे में विधानसभा की ओर जाना निषेध है। जिसके बाद कांग्रेस नेताओं ने मंच पर ही गिरफ्तारी दी। इसके बाद कांग्रेस नेता आष्टा में खुदकुशी करने वाले मनोज परमार के बच्चों से मिलने आष्टा के लिए रवाना हो गए।

भोपाल के जवाहर चौक पर कांग्रेस की सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा- आज बड़े दुख के साथ मुझे कहना पड़ता है कि मध्यप्रदेश की पहचान घोटाला प्रदेश की है। नौजवानों के रोजगार में घोटाला। किसानों के बीज-खाद में घोटाला। जहां देखो घोटाला-घोटाला। पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा बोले- मनोज परमार और उनकी पत्नी नेहा ने बीजेपी, ईडी के दबाव में आत्महत्या कर ली। बीजेपी के लोग उनके बच्चों को लेकर तरह-तरह की बातें कर रहे हैं। मैं कल अपनी पार्टी के तमाम साथियों से मदद लेकर एक बड़ी गुल्लक उन बच्चों को देने जाऊंगा ताकि उन्हें पढ़ाई के लिए भविष्य में तकलीफ न हो। इससे पहले सुबह करीब 11 बजे पार्टी विधायक भोपाल में रेडक्रॉस हॉस्पिटल के सामने शिवाजी चौराहे पर इकठ्ठा हुए। वे यहां से ट्रैक्टर रैली के जरिए विधानसभा जाना चाह रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें शिवाजी नगर चौराहे के पास ही रोक लिया। दूसरे जिलों से आ रहे कांग्रेस नेताओं को रोकने के लिए पुलिस ने भोपाल से लगी सड़कों पर बैरिकेड्स लगाए थे। राजगढ़ जिले से आए कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका तो जिला पंचायत अध्यक्ष चन्दर सिंह राजगढ़ की अधिकारियों से बहस हो गई।

### कांग्रेस नेताओं ने मंच से ही दी गिरफ्तारी

भोपाल में जवाहर चौक पर सभा करने के बाद कांग्रेस नेताओं ने मंच पर ही गिरफ्तारी दी। यहीं से उन्हें रिहा भी कर दिया गया। इसके बाद कांग्रेस नेता आष्टा में खुदकुशी करने वाले मनोज परमार के बच्चों से मिलने आष्टा के लिए रवाना हो गए। बता दें कि सभा के बाद कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता विधानसभा घेराव के लिए जाने की तैयार कर रहे थे। इससे पहले ही पुलिस की ओर से उन्हें कहा गया कि विधानसभा सत्र चल रहा है।

### रूसी सेना के हमले में 500 यूक्रेनी सैन्यकर्मियों की मौत

**मॉस्को, (एजेंसी)।** रूस के जैपैड (पश्चिम) समूह के हमलों में यूक्रेन के 500 से अधिक सैन्यकर्मी मारे गये हैं और चार जवाबी हमलों को विफल कर दिया है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को अपने बयान में कहा कि उनकी सेना की कार्रवाई में यूक्रेन के 500 से ज्यादा सैनिक मारे गये हैं तथा तीन बख्तरबंद लड़ाकू वाहन, जिनमें एक अमेरिकी निर्मित एचएमएमडब्ल्यूवी बख्तरबंद वाहन, चार वाहन, एक 155-मिलीमीटर अमेरिकी एम198 हॉवित्जर और तीन 122-मिमी डी-30 हॉवित्जर, दो गोला-बारूद डिपो नष्ट कर दिये हैं।

### याचिकाकर्ता से सुप्रीम कोर्ट ने पूछा धार्मिक नारे लगाना अपराध कैसे

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सवाल उठाया कि जय श्रीम राम का नारा लगाना अपराध कैसे हो सकता है। जस्टिस पंकज मिठल और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट ने मस्जिद के भीतर कथित तौर पर जय श्री राम के नारे लगाने वाले दो व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई को रद्द कर दिया था।

## न्यूज़ ब्रीफ

### गाजा में स्कूल पर इजरायली हमले में 20 लोगों की मौत

**यरूशलम, (एजेंसी)।** दक्षिणी गाजा पट्टी में खान यूनिस शहर के पास फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के एक स्कूल पर इजरायली हमले में बच्चों सहित कम से कम 20 लोग मारे गये। फिलिस्तीनी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने बताया कि स्कूल विस्थापित लोगों का आश्रय स्थल था। हमले में बड़ी संख्या में लोग घायल भी हुए हैं।

### 9वीं की छात्रा ने छेड़छाड़ से तंग आकर की थी खुदकुशी

**भोपाल।** शहर के देहात क्षेत्र में ईंटखेड़ी इलाके में 14 साल की 9वीं की छात्रा ने शुक्रवार को जहरीला कीटनाशक पी लिया था। हमीदिया हॉस्पिटल में इलाज के दोरान दो दिन बाद शनिवार-रविवार की दरमियानी रात छात्रा की मौत हो गई थी। मामले में पुलिस ने परिवार वालो के बयानो के आधार पर गांव में ही रहने वाले युवक के खिलाफ मामला कायम किया है।

### असद ने सीरिया से रूस भेजा था 2 टन कैश

**मास्को।** सीरिया में सुन्नी विद्रोहियों ने 8 दिसंबर को राजधानी दमिश्क पर कब्जा कर लिया। इससे ठीक पहले राष्ट्रपति बशर अल-असद देश छोड़कर रूस भाग गए। इस बीच फाइनेंशियल टाइम्स ने सूत्रों के हवाले से ये दावा किया है कि राष्ट्रपति असद ने रूस में 250 मिलियन डॉलर (2,082 करोड़ रुपए) नकद भेजे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि ये लेन-देन में 100 डॉलर और 500 यूरो के नोट थे। इनका वजह करीब 2 टन था। इसे मार्च 2018 और मई 2019 के बीच दमिश्क से मॉस्को के वानुकोवो एयरपोर्ट पर भेजा गया था। इस पूरी रकम को भेजने में 21 फ्लाइट्स का इस्तेमाल हुआ। मॉस्को पहुंचने पर इसे रूसी बैंकों में जमा करा दिया गया।

### कश्मीर में जम गए झरने, माइनस 5.9 डिग्री पहुंचा तापमान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है. घाटी के कई इलाकों में तापमान शून्य से नीचे पहुंच चुका है. जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में बीते रविवार न्यूनतम तापमान -5.9 डिग्री तक पहुंच गया, जो इस सीजन की सबसे ठंडी रात थी. उत्तरी कश्मीर के तंगमर्ग के द्रुंग में एक झरना जम गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक उमड़ पड़े. पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी के कारण देश के उत्तरी राज्यों में सर्दी तेज होती जा रही है। मप्र में 7 दिनों से शीतलहर चल रही है।

### शंभू बॉर्डर पर किसानों ने निकाला ट्रैक्टर मार्च

**पटियाला।** शंभू-खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों के समर्थन में सोमवार को हरियाणा में ट्रैक्टर मार्च निकाला गया। हिसार, सोनीपत, चरखी दादरी, सिरसा, फतेहाबाद, कैथल और अंबाला में किसानों ट्रैक्टर मार्च निकाल प्रदर्शन किया। हांसी में किसान ट्रैक्टर पर रामायण टोल से मिनी सचिवालय तक गए। वहीं सोनीपत के खरखौदा में रोहणा बाइपास चौक से मार्च निकाला गया। पंजाब में मार्च निकालने का ऐलान नहीं हुआ था। यहां 18 दिसंबर को रेल रोको आंदोलन किया जाएगा।

## संपादकीय

# कंपनियों का मुनाफा 400 फ़ीसदी बढ़ा

पिछले कुछ वर्षों से भारतीय अर्थव्यवस्था मे अभूतपूर्व परिवर्तन देखे जा रहे हैं। बड़ी कंपनियों का मुनाफा 400 फीसदी तक बढ़ा है। यह आर्थिक प्रगति का एक पक्ष है, इसका दूसरा पक्ष, अनदेखा है। कर्मचारियों की वेतन वृद्धि मात्र 4फीसदी की हुई है। निजी कर्मचारियों और आम आदमियों की औसत आय में अमूमन कोई वृद्धि नहीं हुई है। महंगाई और बेरोजगारी बढ़ती चली जा रही है। उसके अनुपात में लोगों की आय नहीं बढ़ना, यह असमानता भारतीय अर्थव्यवस्था के गहराते सामाजिक-आर्थिक विभाजन को गहरा कर रही है। यह अंतर स्पष्ट करता है, कि कंपनियों का ध्यान मुनाफे और लागत मे कटौती पर केंद्रित है। कोरोना महामारी के बाद अर्थव्यवस्था की बेहतर तरीके से वापसी हुई है। इसका लाभ केवल कॉरपोरेट और बड़े-बड़े कारोबारियों तथा शेयर निवेशकों तक सीमित होकर रह गई है। दूसरी ओर, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता मशीनी तकनीकी की प्रगति ने रोजगार और श्रमिकों की वेतन वृद्धि को धीमा कर दिया है। भारत जैसे देश में संविदा एवं दैनिक भोगी कर्मचारियों की नियुक्ति बहुत कम पारिश्रमिक में किए जाने के कारण मध्यम वर्ग और निम्न वर्ग तक बढ़ी हुई अर्थव्यवस्था का लाभ पहुंच नहीं पा रहा है। कंपनियां अपने मुनाफे में इजाफा करने के लिए कर्मचारियों के हितों और भलाई को नजरअंदाज कर रही हैं। वेतन वृद्धि, महंगाई वृद्धि दर का अब कोई औचित्य नहीं रह गया है। कर्मचारियों की वास्तविक आय कम होती जा रही है। इस स्थिति का असर समाज के कमजोर और मध्यम वर्ग के सभी वर्गो के ऊपर समान रूप से क्रय शक्ति पर पड़ा है। बढ़ती हुई महंगाई और मुनाफाखोरी के कारण समाज के सभी वर्गों की क्रय शक्ति लगातार घटती चली जा रही है।

## कहानी

# अंतर्द्वद्ध

संदीप अपनी बैंक मैनेज़र की नौकरी करते हुए अपने माता पिता और भाई बहनों का बड़ा ख्याल रखता था। वह महीने में एक दो बार अपने माता पिता तथा भाई बहनों से मिलने भोपाल से इंदौर जाता रहता था। संदीप जब तक अविवाहित रहा तब तक वह अपने वेतन का अधिकांश भाग इंदौर आने पर अपने माता पिता को घर खर्च हेतु दे दिया करता था, परंतु जब उसका विवाह अंजू से हो गया तब वह अपने परिवार के लोगों की उस तरह खुल कर मदद नहीं कर पाता था। अंजू उसे ऐसा करने से रोक देती थी। वह कहती - तुम्हें अपने खुद के परिवार पर ध्यान देना चाहिए। इस पर संदीप कहता - यदि मैं अपने माता पिता और भाई बहनों की नौकरी करते हुए मदद नहीं करूंगा तो फिर कौन करेगा। मेरा फ़र्ज है उनकी मदद करना। आखिर मैं उनका बड़ा और कमाने वाला पुत्र हूं। उनका मुझ पर पूरा पूरा अधिकार है। और तुम पर मेरा कोई अधिकार नहीं है। मैं अपना और तुम्हारा भविष्य नहीं देखूं..!. आखिर अपने भी तो बच्चे होंगे, उनके लिए मैं अभी से नहीं सोचूंगी तो फिर कब सोचूंगी..? संदीप झुंझला कर बोला - अभी तो अपने यहां बच्चे नहीं है तब अभी से उनके बारे में सोचना कौनसी समझदारी है। तुम चाहती हो कि मैं अपने माता पिता का ध्यान नहीं रखूं..! ध्यान रखो, लेकिन रूपये पैसे देने का नहीं। अपनी जिद पर अड़ी अंजू ने कहा। फिर बिना रूपये पैसे के उनका गुज़ारा कैसे होगा..! संदीप ने असहाय होकर कहा तो अंजू बोली - ज़ब तुम कमाते नहीं थे तब वे लोग कैसे गुज़ारा करते थे। वैसे ही अब कर लेंगे..! इससे संदीप चिढ़ गया और तैश में बोला - आखिर तुम चाहती क्या हो..? यही कि जो भी वेतन तुम्हें मिलता है वह सीधा मेरे हाथ पर रख दिया करो बस..! अंजू ने अपने स्त्रियोचित तेवर दिखलाते हुए कहा। संदीप तनाव में आ गया। वह सोचने लगा कि अंजू क्या यह नहीं समझती कि मैं आज जो कुछ भी हूं, अपने माता पिता की वज़ह से ही हूं।संदीप ने अंजू को कई बार समझाने की कोशिश की, लेकिन अंजू तो जैसे बेपरवाह हो गयी थी। अब घर में झगड़ा होने लगा। संदीप ने तंग आकर अंजू को बुरा भला कहना शुरू कर दिया तो अंजू भी उसे बात- बात में उलाहना देती और उसे नीचा दिखाने लगी। दोनों मेंअबोले का वातावरण निर्मित हो चला था। दो महीने तक ज़ब संदीप इंदौर नहीं आया तो उसके पिता ने एक दिन मोबाइल से उससे बात करके पूछा - बेटा, सब ठीक तो है ना.. दो महीने से तुम नहीं आए और न रूपये भेजे तो चिंता हो गयी..! पिताजी मैं ठीक हूं और कोई ऐसी वैसी बात नहीं है। आफिस की व्यस्तता के कारण न आ सका और रूपये भी नहीं भेज सका उसके लिए मैं आपसे क्षमा चाहता हूँ। मैं रूपये शीघ्र भेजता हूं। यह कह कर उसने मोबाइल बंद कर दिया। अब उसके सामने अपने परिवार की मदद करने का प्रश्न था, लेकिन पूरा वेतन अंजू ले लेती थी इसकारण वह उससे मांग भी नहीं सकता था। अब संदीप इस उधेड़बुन में रहने लगा कि वह अपने माता पिता की आर्थिक मदद करे तो करे कैसे? इस तरह सोचने पर उसने अपने एक मित्र से चर्चा की तो उसने कहा - मित्र, इस बात के लिए आपको भाभीजी से खुल कर बात करनी चाहिए, आखिर मां बाप का भी तो अपने पुत्र पर कोई अधिकार है या नहीं। आपको स्पष्टतौर पर भाभीजी को समझाना पड़ेगा कि वे अपने माता पिता की हर महीने एक निश्चित राशि देना चाहते हैं। यदि वे मना करती है तो फिर इसके लिए कोर्ट का रास्ता तो है ही। आजकल बुजुर्ग माता पिता के लिए कोर्ट ने एक निश्चित राशि देने का निर्णय किया हुआ है।मित्र की बात पर संदीप ने ध्यान तो दिया, परंतु इस तरह से लड़ झगड़ कर मदद करना उसे ठीक नहीं लगा। इसलिए उसने सिर्फ समझाइश वाला मार्ग अपनाना ज्यादा ठीक समझा। लेकिन ऐसा करने पर भी अंजू ने उसकी बात अमान्य करदी। संदीप ने सोचा कि वह अपने व्यक्तिगत खर्च को बचा कर अपने परिवार की मदद करना ठीक रहेगा।

अंजू को यह बात अच्छी तरह से मालूम थी कि वह कोई खाते पीते और सम्पन्न परिवार से नहीं थी लेकिन अपनी तुच्छ मानसिकता के कारण वह अपना घर परिवार और इकलौता पति छोड़ कर आ गयी थी। यहां आने के बाद उसने महसूस किया कि सब उससे खींचे-खींचे रहते हैं। न मां ठीक से बात करती है और न पिता। भाई भाभी तो वैसे ही उससे नाराज़ थे। फिर भी अंजू ने अपनी बात कही कि संदीप अपनी तनख्वाह अपने माता पिता को दे देता है और उसे घर खर्च के लिए नाममात्र की राशि देता है। अंजू के कहने पर उसके पिता ने कहा - बेटी, यदि वह अपने माता पिता की मदद करता है तो इसमें बुराई क्या है। यह उसका फ़र्ज़ है, उसे करना भी चाहिए। यह सुन कर अंजू ने अपनी सफाई देना चाही तो उसके पिता ने फिर कहा - बेटी, केवल इस बात के लिए क्या कोई अपना घर परिवार और पति छोड़ देता है। तुमने संदीप को छोड़ कर अच्छा नहीं किया। अंजू की मां ने भी समझाते हुए कहा - बेटी, घर के मामले में मैं तुझे बहुत समझदार समझती थी, लेकिन अफ़सोस तूने ऐसा करके ठीक नहीं किया। अपनी घर की समस्या घर में ही सुलझाना चाहिए। यदि संदीप अपने मां बाप की मदद करता है तो थोड़ी बहुत मदद कर सकता है, पूरी तनख्वाह उसे नहीं देना चाहिए। हम उसे समझाएंगे। तुझे समझदारी से काम लेना चाहिए और तुझे अपने बसे बसाए घर को नहीं छोड़ना चाहिए। तू अपने घर जा और संदीप से शांति से इस बारे में बातचीत कर। हम भी वहां आकर संदीप को समझाएंगे। अंजू को इस बात का भरोसा नहीं था कि उसके माता पिता उसके वापस घर जाने की बात करेंगे, लेकिन आज उसने यह अच्छी तरह से देख भी और समझ भी लिया कि कोई भी माता पिता अपनी बेटी को जिंदगी भर घर में बिठाए नहीं रख सकते। उसके खुद के माता पिता भी अपने बेटे और बहू के आश्रित थे, ऐसी दशा में पत्नी का असली घर उसके पति का घर ही होता है।

**डॉ. रमेशचंद्र**
**ईश-कृपा**
**100- सी, पार्श्वनाथ नगर,**
**अन्नपूर्णा मार्ग,**
**इंदौर- 452-009**
**मो0 नं0 8319782218**

## लघुकथा/कविता

# बेटियो की परवरिश

एक दिन,एक कंपनी में इंटरव्यू के दौरान,बॉस जिसका नाम रोशन था ने सामने बैठी महिला,प्रिया से पूछा,आप इस नौकरी के लिए कितनी तनख्वाह की उम्मीद करती हैं ? प्रिया ने बिना किसी झिझक के आत्मविश्वास से कहा,कम से कम नब्बे हजार रुपये। रोशन ने उसकी ओर देखा और आगे पूछा, आपको किसी खेल में दिलचस्पी है ? प्रिया ने जवाब दिया,जी,मुझे शतरंज खेलना बहुत पसंद है। रोशन ने मुस्कुराते हुए कहा,शतरंज बहुत ही दिलचस्प खेल है। चलिए,इस बारे में बात करते हैं। आपको शतरंज का कौन सा मोहरा सबसे ज्यादा पसंद है ? या आप किस मोहरे से सबसे अधिक प्रभावित होती है ? प्रिया ने मुस्कुराते हुए कहा, वज़ीर। रोशन ने उत्सुकता से पूछा,क्यों ? जबकि मुझे लगता है कि घोड़े की चाल सबसे अनोखी होती है। प्रिया ने गंभीरता से जवाब दिया,वास्तव में घोड़े की चाल दिलचस्प होती है,लेकिन वज़ीर में वो सभी गुण होते हैं जो बाकी मोहरों में अलग-अलग रूप से पाये जाते हैं। वह कभी मोहरे की तरह एक कदम बढ़ाकर राजा को बचाता है,तो कभी तिरछा चलकर हैरान करता है,और कभी ढाल बनकर राजा की रक्षा करता है। रोशन ने उसकी समझ से प्रभावित होते हुए पूछा,बहुत दिलचस्प ! लेकिन राजा के बारे में आपकी क्या राय है ?÷ प्रिया ने तुरंत जवाब दिया,सर,मैं राजा को शतरंज के खेल में सबसे कमजोर मानती हूँ। वह खुद को बचाने के लिए केवल एक ही कदम उठा सकता है,जबकि वज़ीर उसकी हर दिशा से रक्षा कर सकता है। रोशन प्रिया के जवाब से प्रभावित हुआ और बोला, बहुत शानदार ! बेहतरीन जवाब अब ये बताइए कि आप खुद को इनमें से किस मोहरे की तरह मानती हैं ? प्रिया ने बिना किसी देर के जवाब दिया,राजा। रोशन थोड़ी हैरानी में पड़ गया और बोला,लेकिन आपने तो राजा को कमजोर और सीमित बताया है, जो हमेशा वज़ीर की मदद का इंतजार करता है। फिर आप क्यों खुद को राजा मानती हैं ? प्रिया ने हल्की मुस्कान के साथ कहा,जी हाँ,मैं राजा हूँ और मेरा वज़ीर मेरा पति था। वह हमेशा मेरी रक्षा मुझसे बढ़कर प्यार करता था,हर मुश्किल में मेरा साथ देता था,लेकिन अब वह मुझे पूरी तरह से छोड़ चुका है। अब मुझे खुद वज़ीर बनकर अपने बच्चों और अपने जीवन की जिम्मेदारी उठानी है। यह सुनकर कमरे में एक गहरी खामोशी छा गई। रोशन ने तालियाँ बजाते हुए कहा,बहुत बढ़िया,प्रियाजी। आप एक सशक्त महिला हैं।यह कहानी उन सभी बेटियों के लिए एक प्रेरणा है जो जिंदगी में किसी भी तरह की मुश्किलों का सामना कर सकती हैं। बेटियों को अच्छी शिक्षा और परवरिश देना बेहद जरूरी है,ताकि अगर कभी उन्हें कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़े, तो वे खुद वज़ीर बनकर अपने और अपने परिवार के लिए एक मजबूत ढाल बन सकें।

**प्रेमनारायण वेद,**
**इंदौर**

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद




**मुम्बई ।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। आज आईटी और धातु शेयरों में गिरावट से भी बाजार नीचे आया। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों पर फैसले से पहले निवेशकों के सतर्क रुख से भी बाजार पर दबाव पड़ा है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 81,551.28 अंक 0.47 फीसदी करीब 384.55 अंक गिरकर 81,748.57 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 0.49 फीसदी तकरीबन 120.50 अंक टूटकर 24,647.80 पर बंद हुआ। निफ्टी की 40 कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही जबकि केवल 9 कंपनियों भी बढ़त पर रहे जबकि एक के शेयर में कोई बदलाव नहीं हुआ। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में टाइटन का शेयर सबसे ज्यादा 1.93 फीसदी नीचे आकर बंद हुआ। साथ ही अदाणी पोर्ट्स, अल्ट्रा सीमेंट, टीसीएस, एनटीपीसी, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा, जेएसडब्ल्यू स्टील, हिंदुस्तान यूनिलीवर इन्फोसिस, टाटा मोटर्स के शेयर भी नीचे आये। वहीं इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस, पावर ग्रिड, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर तेजी के साथ बंद हुए। बाजार जानकारों के अनुसार अमेरिका के सेंट्रल बैंक फेडरल के ब्याज दरों घटाने को लेकर हुई अनिश्चितताओं के बीच आईटी स्टॉक्स में भारी बिकवाली से भी बाजार नीचे आया है। इसके अलावा चीन के कमजोर आर्थिक आंकड़ों के बाद भी धातु शेयरों में गिरावट रही जिससे भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। वहीं दिग्गज कंपनियों के शेयरों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल के शेयरों में गिरावट रही। वहीं सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार (13 दिसंबर) को शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए थे। वहीं आज सुबह वै?श्विक बाजार गिरावट के साथ खुले। इंडेक्स में हैवी वेटेज रखने वाले फाइनेंशियल और आईटी स्टॉक्स में रावट की वजह के चलते बाजार में कमजोरी देखने को मिल रही है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों पर फैसले से पहले निवेशक सतर्क रुख अपना रहे हैं। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 133 अंक की गिरावट के साथ 82,000.31 अंक पर खुला। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी 15 अंक की गिरावट लेकर 24,753.40 पर खुला। एशियाई बाजारों की बात करें तो कोस्पी इंडेक्स में 0.20 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई, जबकि निक्केई 0.27 फीसदी ऊपर बंद हुआ। दूसरी ओर एएसएक्स 200 में 0.33 फीसदी की गिरावट देखने को मिली। अमेरिकी बाजारों में डाउ जोन्स लगातार सातवें सत्र में 0.2 फीसदी गिरा, जो 2020 के बाद सबसे लंबी गिरावट है। हालांकि, नैस्डैक 0.12 फीसदी चढ़ा, और एसएंडपी 500 लगभग स्थिर रहते हुए 6,051.09 पर बंद हुआ।

# बिटकॉइन ने बनाया नया रिकॉर्ड, पहली बार 106,000 डॉलर के पार

**मुंबई ।** बिटकॉइन की तेजी से बढ़ती कीमतों ने विश्व के ध्यान को आकर्षित किया है, जिसका परिणाम यह हुआ कि यह सबसे पुरानी और सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बन गई है। वर्तमान में बिटकॉइन की कीमत ने 1,06,000 डॉलर का पार कर दिया है, जो भारतीय करेंसी के हिसाब से लगभग 90 लाख रुपए के बराबर है। इसके साथ ही बिटकॉइन का मार्केट कैप अब 2.1 ट्रिलियन डॉलर हो गया है, जो गूगल को पछाड़ने में केवल 10 फीसदी की दूरी बची है। विशेषज्ञों का मानना है कि नए साल में बिटकॉइन की कीमत और बढ़ सकती है और 2025 तक 2,00,000 डॉलर तक पहुंच सकती है।

इसके साथ ही डोनाल्ड ट्रंप का एक बयान भी बिटकॉइन की कीमतों में तेजी का कारण बन गया है। ट्रंप ने बिटकॉइन को ऑयल रिजर्व की तरह देश में एक रिजर्व के रूप में बचाने की योजना बनाई है। इसके अतिरिक्त अन्य क्रिप्टोकरेंसीज की कीमतें भी बढ़ी हैं, जैसे कि ईथेरियम ने करीब 3 फीसदी की तेजी के साथ 4,014 डॉलर पर पहुंच गई है।

# कमल धीमान को विशिष्ट सेवाओं के लिए लिए किया गया सम्मानित



**इन्दौर ।** कोली/कोरी समाज के युवा जागरूक एवं सेवाभावी समाजसेवी श्री कमल धीमान को समाज में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए अखिल भारतीय वीरांगना झलकारी महासंघ द्वारा उनके मालवा मील स्थित कलेक्षन पर शाल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि पिछ्ले दिनों 1 दिसम्बर को अखिल भारतीय वीरांगना झलकारी महासंघ द्वारा आयोजित झलकारी अलंकरण समारोह में 11 उत्कृष्ट समाजसेवी महिलाओं के साथ 5 वरिष्ट समाजसेवियों को कोली रत्न से सम्मानित किया गया था, इसी कड़ी में झलकारी अलंकरण समारोह में विशेष सहयोग देने तथा समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी निभाने वाले वरिष्ट समाजसेवियों को भी सम्मानित किया गया था, इस मोके पर अपनी व्यस्थता के कारण युवा समाजसेवी श्री कमल धीमान झलकारी अलंकरण समारोह में उपस्थित नहीं हो पाए।

इस लिए महासंघ के पदाधिकारियों ने अखिल भारतीय वीरांगना झलकारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश महावर कोली के नेतृत्त्व में कमल धीमान का उनके मालवा मील स्थित इन्दौर समाचार के सामने श्री कलेक्शन पर जाकर शाल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव दिनेश वर्मा दानिश, सम्भागीय अध्यक्ष ओमप्रकाष धीमान, प्रदेष उपाध्यक्ष महेश वर्मा, आदर्श वस्त्रकार कोरी समाज के अध्यक्ष अशोक वर्मा, कोरी/कोली समाज महापंचायत के संयोजक कैलाश चंद्र चौधरी, रमेश चिरगैया आदि मौजूद थे।

# रोगमुक्त जीवन के रहस्य हेल्थ शो, योगी मनोज गर्ग द्वारा

आँखें खोल देने वाला, जीवन की दिशा बदल देने वाला, एक हेल्थ शो सीक्रेट्स ऑफ डिजीज फ्री लाइफ योग टेंपल आयुर्वेद पंचकर्म एवं नेचुरोपैथी सेंटर के डायरेक्टर योगी मनोज गर्ग द्वारा 22 दिसंबर, रविवार की सुबह 10 बजे से इंदौर के सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, ढक्कन वाले कुएं के सामने, के ऑडिटोरियम में किया जा रहा है। हम देश-विदेश में टूर पर घूमने जाते है वहां गाइड हमें कई ऐतिहासिक किले/महल आदि दिखाते है किंतु क्या कही भी 150 वर्ष पुराना भी हॉस्पिटल दिखा पाते है? नहीं! क्यों? क्योंकि उस समय हम बीमार ही नहीं होते थे। उस समय हमारी जीवनशैली, हमारा खानपान, हमारे उठने बैठने का तरीका ही इतना अच्छा हुआ करता था कि हम स्वस्थ्य बने रहते थे। किंतु पिछले 50-60 वर्षों में हमारी जीवनशैली पूरी तरह बिगड़ चुकी है जिसके दुष्परिणामस्वरूप हम रोगों से ग्रस्त हुए जा रहे है। ऐसे ही अनेकों रोचक बिंदुओं को स्लाइड शो (पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन) के माध्यम से योगी मनोज गर्ग द्वारा प्रेजेंट किया जाएगा। इसके पश्चात् मिलेट्स का सुस्वादु भोजन भी कराया जाएगा।

# जैन युवक युवती परिचय सम्मेलन सम्पन्न





**इन्दौर** स्थानीय दस्तूर गार्डन में जैन युवक युवती परिचय सम्मेलन में युवक ,युवती ने जीवन साथी के लिए अपनी पसंद को बहुत प्रभावशाली तरीके से पेश किया , फेडरेशन के मिडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू ने बताया कि सम्पूर्ण कार्यकम बहुत ही बंधा हुआ था ,शुरू में जो झिझक प्रत्याशी में दिख रही थी ,इसे मोटिवेटर स्पीकर अनुराग जैन व डॉक्टर प्रीति जैन जबलपुर ने बहुत प्रभावी ढंग से दूर कराने के बाद 160 से अधिक युवक युवती ने मंच पर से जीवन साथी चयन हेतु अपनी प्राथमिकता बताई । कार्यक्रम शुभारंभ आर के जैन रनेका द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया ,मंडप उद्घाटन मुल्कराज बादशा जबलपुर द्वारा किया गया तथा द्वीप प्रज्वलन समजा सेवी मुकेश बाकलीवाल द्वारा किया गया ।परिचय सम्मेलन पर प्रकाशित परिचय पुस्तिका परिचय पुष्प 2024 का लोकार्पण देवास के समाज सेवी व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निलेश छाबड़ा द्वारा मुख्य संपादक कीर्ति पंड्या व सह संपादक मनीष जैन के सहयोग से किया गया । शिरोमणि संरक्षक श्रीमती पुष्पा प्रदीप कासलीवाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश जैन विनायका की उपस्थिति में संपन्न कार्यक्रम में शिक्षा विद स्वप्निल कोठारी , युवा समाज गौरव दीपक जैन टीनू ,राकेश जैन एम आई सी मेम्बर , श्री राजीव जैन पार्षद ,संदीप जैन मोयरा आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर श्रीमती पुष्पा कासलीवाल ने अपने उद्बोधन में अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायका के नेतृत्व में शुरू हुए इस परिचय सम्मेलन द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर नवीन उचाई को प्राप्त करने पर उनकी सम्पूर्ण टीम को बधाई दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश जैन विनायका व मुख्य सूत्रधार यश कमल अजमेरा ने बताया की सम्पूर्ण देश से प्राप्त प्रविष्टि की गुणवत्ता ही इस परिचय सम्मेलन को आज उच्चतम स्तर पर स्थापित कर पाई हैं । राष्ट्रीय महासचिव विपुल बांझल ,कोषाध्यक्ष अतुल बिलाला , सूत्र धार जे के जैन कोटा ,ममता जैन रायपुर , मुख्य संयोजक प्रशांत जैन जबलपुर , राजीव जैन गिरधर वाल भोपाल , प्रदीप गंगवाल व संजय पापड़ीवाल इंदौर की सतत सक्रियता व महाकौशल रीजन अध्यक्ष प्रदीप जैन , कोटा रीजन अध्यक्ष अनुराग सेठी ,इंदौर रीजन अध्यक्ष वितुल अजमेरा ,उज्जैन रीजन अध्यक्ष विमल जैन , अहमदाबाद से रतन पाटनी , मेवाड़ रीजन अध्यक्ष प्रवीण चौधरी, विशेष सहयोगी जंबू जैन धवल ,आशीष जैन सुतवाले ,ऋषभ जैन इंदौर व सभी रीजन के पदाधिकारी ,सभी ग्रुप अध्यक्ष की सक्रियता से ही सफलता का यह मुकाम हांसिल किया है । कार्यकम में निवर्तमान अध्यक्ष कमलेश कासली वाल , पूर्व अध्यक्ष हेमचंद झांझरी ,कार्याध्यक्ष सुरेश चाँद वाड़ ,देवेन्द्र कंसल,सुशील पंड्या टीके वेद बाहुबली पांड्या, पिंकेश बिलाला,गिरीश रारा,रितेश जैन ,अतुल गोइल विशेष रूप से उपस्थिति थे। कार्यकम का प्रभावी संचालन विनय जैन जबलपुर द्वारा किया गया ।आभार राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अतुल बिलाला द्वारा माना।

## 4 डिग्री से तापमान कम होने पर पाले की संभावना

**इंदौर ।** शीतलहर के बढ़ते प्रकोप और तापमान में आ रही गिरावट को देखते हुये किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने जिले के किसानों को पाले से फसलों को बचाने के उपाय बताएं हैं। उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम के मुताबिक रात का तापमान चार डिग्री सेंटीग्रेड से कम होने पर पाला पडने् की संभावना होती है। पाले से मुख्य रूप से सब्जी फसलों में ज्यादा नुकसान होता है। इसके अलावा दलहनी फसलों को भी पाले से नुकसान हो सकता है। पाले की संभावना तब और अधिक हो जाती है, जब शाम को आसमान साफ हो और हवा बंद हो। उप संचालक कृषि ने बताया कि किसानों को पाले के प्रभाव से बचाने के लिए दीर्घकालीन उपायों में वायु अवरोधक पेड़ उत्तर पश्चिमी मेड़ों पर लगाने चाहिए। पाले के प्रभाव से फल फूल प्रभावित होते हैं एवं पत्तियों पर ओस की बूंद के जमने से कोशिकाएं फट जाती हैं,

# वीर सावरकर को भारत रत्न देने के लिए विधायक मेंदोला ने पीएम मोदी को पत्र लिखा

**इंदौर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इन्दौर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक दो के विधायक रमेश मेंदोला ने पत्र लिखकर स्वातंर्त्य वीर सावरकर को भारत रत्न देने की मांग की है। विधायक मेंदोला ने पीएम मोदी को अपनी मांग का पत्र ट्वीट करते हुए उसमें लिखा है कि स्वतन्त्रता के लिए वीर सावरकर ने अथक संघर्ष किया था। उनके विराट व्यक्तित्व का सम्मान करते हुए लोकसभा में वर्तमान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की दादी और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1970 में वीर सावरकर पर एक डाक टिकट जारी किया था। इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री रहते हुए सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 1983 में वीर सावरकर की जीवनी पर एक डाक्यूमेंट्री फिल्म भी बनाई थी, ताकि देश के युवा उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा ले सकें। यही नहीं वीर सावरकर के स्मारक के लिए आर्थिक सहायता देते हुए लिखे पत्र में इंदिरा गांधी ने उन्हें भारत का महान सपूत बताया था। मेन्दोला ने अपने पत्र में पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री द्वारा वीर सावरकर की स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पेंशन स्वीकृत करने का हवाला देते मोदी सरकार से वीर सावरकर को भारत रत्न से अलंकृत करने की मांग की है।

# समिति में भिखारी ठाकुर पर गोष्ठी

श्री मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति द्वारा कालजयी रचनाकार स्मरण की श्रृंखला में इस बार भिखारी ठाकुर के साहित्यिक कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर चर्चा होगी एवं उनके चित्र का अनावरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम मंगलवार 17 दिसम्बर, 2024 को सायं 5:00 बजे समिति के सभागार में होगा

# ग्राहक जागरण पखवाड़ा का शुभारंभ




**इंदौर।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार ग्राहक जागरण पखवाड़ा का दीप जलाकर प्रांत अध्यक्ष श्रीमती दीपलक्ष्मी धामणकर,प्रांत उपाध्यक्ष ओंकारलाल देवड़ा, प्रांत महिला प्रमुख श्रीमती वृंदा गोण,महानगर अध्यक्ष देवेंद्र दुबगे ने शुभारंभ किया गया। यह पखवाड़ा 15 दिसंबर से 31 दिसंबर तक मनाया जाएगा। इकाई स्तर पर पूरे महानगर में छोटी-छोटी बैठक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें ग्राहकों को जागरूक एवं प्रबोधन किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन आलोक कुमावत ने आभार रेखा साहू ने किया कार्यक्रम में पं.डि.जी. मिश्र चंद्रप्रकाश तिवारी पत्रकार लक्ष्मीकांत पंडित मीडिया प्रभारी मनोज पंवार उपस्थित रहे ।

# खरमास माह शुरू, मांगलिक कार्य अब 15 जनवरी के बाद

**इंदौर।** सोमवार 16 दिसंबर से खरमास माह शुरू हो गया है। अब 14 जनवरी तक कोई भी मांगलिक कार्य नहीं होंगे। एक माह तक केवल कथा, प्रवचन और पूजन इत्यादि के कार्य ही हो सकेंगे। धार्मिक कार्यों को छोड़कर अब एक माह तक मांगलिक कार्य संपन्न नही हो सकेंगे। खरमास माह में सूर्य की उपासना का विशेष महत्व है। मकर संक्रांति तक पूजा पाठ विधान का आयोजन होता है। मांगलिक कार्य, भूमि पूजन और नए भवन में मंगल प्रवेश अब 15 जनवरी के बाद ही संभव होगा। महत्वपूर्ण मुहूर्त 27, 29 और 30 दिसंबर और 5,7, जनवरी को सर्वार्थ सिद्धि योग है। 11 जनवरी 2025 को अमृत सिद्धि योग, 17 18 दिसंबर और 5 जनवरी को त्रिपुष्कर योग रहेगा। ज्योतिष्यों का कहना है, उक्त मुहूर्त में आवश्यक वस्तुओं की खरीदी कर पूजा घर में रखना शुभ माना जाता है। 14 जनवरी तक अब कोई भी मांगलिक कार्य नहीं किया जा सकते हैं। 15 जनवरी से विवाह मुहूर्त शुरू होंगे। जो जून माह तक चलेंगे। नए घरों में प्रवेश भी अब 15 जनवरी के बाद ही होगा।

– हल्के फुल्के विवाद और झुमा झटकी के बीच नपा ने करीब तीन ट्राली माल किया जब्त

# शहर का यातायात पटरी पर लाने नपा ने चलाई अतिक्रमण हटाओं मुहिम

जावरा। शहर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था और लगातार मिल रही अतिक्रमण की शिकायतों के बाद सोमवार को नपा के अमले ने यातायात पुलिस के साथ बाजार में पसरे अतिक्रमण को हटाने के लिए दोपहर बाद कार्रवाई प्रारंभ की। शहर के सभी मुख्य बाजारों में दुकानदारों द्वारा फुटपाथ के बाहर तक रखे सामान को नपा कर्मचारियों ने हटाते हुए सामान को जब्ती में लिया, वहीं कुछ दुकानदारों के मौके पर चालान भी बनाए, कार्रवाई के दौरान कहीं कहीं हल्के फुल्के विवाद भी हुए तो कहीं झुम झटकी की नौबत भी आ गई। इन सभी के बीच नपा अमले ने शाम तक करीब तीन ट्राली माल जब्ती में लेकर कार्रवाई की।





नगर पालिका सीएमओ दुर्गा बामनिया ने बताया कि शहर के सड़कों पर दिन भर लगने वाले जाम से निजात दिलाने तथा मिल रही अतिक्रमण की शिकायतों पर सोमवार को ट्रेफिक इंचार्ज सोनु बाजपेयी, नपा इंजिनियर लोकेश विजय के साथ नपा कर्मचारियों और यातायात अमले के साथ दोपहर करीब 3 बजे बाद शहर के मुख्य बाजारों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्रारंभ की, करीब दो घंटे चली कार्रवाई में अमले ने कई दुकानों के बाहर रखे सामान को जब्त किया और कई दुकानदारों को चालान भी बनाए। अमले की कार्रवाई से समुचे बाजार में हडकम्प मच गया। अमले के पहुंचने से पहले ही कई दुकानदारों ने अपने सामान अंदर रखना प्रारंभ कर दिए।

**बैंक ने सड़क तक बनाए चढ़ाव, कल तक हटाने के निर्देश** –शहर के जवाहर पथ स्थित सेंन्ट्रल बैंक ने अंदर आने जाने के लिए फुटपाथ के आगे तक चढ़ाव बना लिए थे, जिसकी शिकायत कई बार रहवासियों द्वारा की गई, लेकिन बैंक द्वारा चढ़ाव नहीं हटाए गए, ऐसे में सोमवार को जब अमला जवाहर पथ पहुंचा तो रहवासियों द्वारा की गई शिकायत सही पाई गई। जिस पर सीएमओ बामनिया ने बैंक मेनेजर से तत्काल चढ़ाव हटाने के लिए कहा, जिस पर मैनेजर ने मंगलवार तक का समय मांगा हैं।

**विडियों बना विवाद की वजह** – अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से पहले नपा के अमले ने बाजार में दुकानों के बाहर रखे समान की विडियों बना ली थी, जिसके बाद जब अमला बाजार में पहुंचा तो अमले को देख कर जिन दुकानदारों ने सामान अंदर रख लिया था, उन पर जब अमला चालानी कार्रवाई करने पहुंचा तो विवाद की स्थिति निर्मित हो गई, शहर के जवाहर पथ क्षेत्र में व्यापारियों और नपा अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच तु तु मै मै के साथ ही झुमा झटकी की नौबत भी बन गई, इन सभी के बीच नपा ने सामान जब्ती में लेकर कई दुकानदारों ने 200-200 रुपए के चालान भी बनाए, वहीं चौपाटी क्षेत्र में पिपलौदा रोड़ चौराहे पर लगने वाले ठेले सामान सहित जब्ती में लिए। सीएमओ ने बताया कि यह कार्रवाई अब लगातार जारी रहेगी।

## जावरा जिला बास्केटबॉल संघ के प्रशिक्षक रविन्द्रसिंह सिसोदिया मध्य प्रदेश दल के प्रशिक्षक नियुक्त



जावरा। जिला बास्केट बॉल संघ जावरा के कोच रविन्द्रसिंह सिसौदिया को मध्यप्रदेश दल के प्रशिक्षण पद पर नियुक्त किया गया हैं। संघ सचिव विजय पामेचा ने बताया कि 17 दिसंबर 24 से 22 दिसंबर 24 तक हैदराबाद में आयोजित 49 वीं सब जूनियर राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में रविंद्रसिंह मध्य प्रदेश बालक दल के प्रशिक्षक के रूप में अपनी भूमिका निभाएंगे। उल्लेखनीय है कि रविंद्र सिंह सिसोदिया महावीर जैन स्कूल में खेल प्रशिक्षक के रूप में कार्यरत हैं एवं जिला बास्केटबॉल संघ के खेल मैदान पर अपनी सेवाएं नियमित रूप से देते हैं। रविंद्र की इस उपलब्धि पर जिला बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष एवं नगर विधायक डॉ राजेंद्र पाण्डेय, व्ही.पी रिछारिया, प्रकाश मेहरा, डॉ सुरेश मेहता, अशोक सेठिया, महेंद्र गंगवाल, सुशील कोच्चटा, अरुण संघवी, विकास जायसवाल, प्रशिक्षक अपार सिंह गंभीर, मनुदेव सिंह चंद्रावत, मुकेश केथवास एवं जिला बास्केटबॉल संघ के सदस्यों एवं खिलाड़ियों ने हार्दिक बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी।

## कर्ज ने ली एक और सोयाबीन व्यापारी की जान



जावरा। कोरोना काल और ऑनलाईन व्यापार के बाद बाजार में आई मंदी के चलते कई व्यापारी कर्ज के तले डुबते जा रहे हैं। कर्ज से परेशान होकर कई व्यापारी अपनी जीवन लीला समाप्त कर रहे हैं, इसी कर्ज ने सोमवार को शहर के एक और मंडी व्यापारी गजेन्द्र शर्मा को अपनी जान देने पर मजबुर कर दिया। सोमवार की शाम को शहर के रावण दरवाजा मार्ग स्थित निर्माणाधीन मकान में एक मंडी व्यापारी ने कर्ज से परेशान होकर फांसी का फंदा लगाकर आत्म हत्या कर ली। शहर थाना प्रभारी जितेन्द्रपालसिंह जादौन ने बताया कि रावण दरवाजा मार्ग स्थित मंडी के सोयाबीन व्यापारी गजेन्द्र शर्मा ने अपने निवास पर फंदा लगाकर आत्म हत्या कर ली हैं, मृतक के पास से एक सुसाईड नोट भी मिला हैं, जिसमें उसने कर्ज से परेशान होकर आत्म हत्या करना लिखा हैं, आत्म हत्या के लिए शर्मा ने किसी को भी जिम्मेदार नहीं बताया हैं, उन्होने नोट में केवल कर्ज से परेशान होकर यह कदम उठाने की बात लिखी हैं। सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर पंचनामा बनाकर शव को पीएम के लिए सिविल हास्पीटल भेजा, जहां पीएम के बाद शव परिजनों के सुर्पूद किया। शाम को आनंदी हनुमान पर परिजनों ने दाह संस्कार किया। उल्लेखनीय है कि शर्मा सोमवारियों में किराए पर निवास कर रहे थे।

### अकेला हनुमान मंदिर पर हुआ सनाढ्य ब्राहम्ण समाज का अन्नकूट

जावरा। सनाढ्य ब्राह्मण समाज जावरा का अन्नकूट महोत्सव अकेला हनुमान मंदिर पर मनाया गया। इस दौरान समाज के वरिष्ठ संरक्षक रामविहारी शर्मा तथा जावरा नगर भाजपा मण्डल अध्यक्ष राजेश शर्मा का शाल व श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर समाज की नई कार्यकारिणी का निम्नानुसार गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर डॉ रवीन्द्र प्रसाद त्रिवेदी, सचिव पद पर शिवकुमार द्विवेदी को मनोनीत किया गया। साथ ही उमेश शर्मा प्रथम उपाध्यक्ष, राधेश्याम तिवारी कोषाध्यक्ष, अजय शर्मा सहसचिव, गोपाल शर्मा सहकोषाध्यक्ष तथा महिला मण्डल में शीला त्रिवेदी संरक्षक व सुमन शर्मा तथा उषा शर्मा को महिला प्रतिनिधि मनोनीत किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुरेश गौड़ ने किया।




## ग्रीन फिल्ड एक्सप्रेस को लेकर संशय, विरोध में जन संघर्ष समिति का धरना शुरु, तीन दिन में मांगा जवाब

जावरा। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित उज्जैन जावरा ग्रीन फिल्ड एक्सप्रेस वे को लेकर अब भी संशय बरकरार हैं, हालाकि एमडीआरडीसी ने धारा 11 के तहत करीब 200 से अधिक लोगों के नाम सहित अधिसूचना जारी की हैं, लेकिन अब तक इसको लेकर कोई नक्शा सामने नहीं आया हैं, वहीं भूतेड़ा से लेकर होटल जोयो तक फ्लाय ओव्हर बनाए जाना भी प्रस्तावित हैं, ऐसे में भूतेड़ा से जोयो चौराहे तक के व्यापारियों का नुकसान होना तय हैं, इस फ्लाय ओव्हर को लेकर जन संघर्ष समिति लगातार प्रदर्शन कर रही है।

ऐसे में अब जन संघर्ष समिति ने सोमवार से धरना प्रारंभ किया हैं, वहीं समिति ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम एक ज्ञापन भी अनुविभागीय अधिकारी के माध्यम से भेजा हैं, जिसमें तीन दिन में एक्सप्रेस वे निर्माण तथा भूतेड़ा से जोयो चौराहे की स्थिति क्लियर करने की मांग रखी हैं, समिति तीन दिन सुबह 11 से दोपहर 4 बजे तक धरना देगी, तीन दिन में जवाब नहीं मिलता हैं, समिति शहर के जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों और आमजनता के साथ मिलकर आगामी रणनीति तय करेगी और धरना अनिश्चिकालीन जारी रहेगा। समिति द्वारा मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम त्रिलोचन गौड़ को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि हाइवे से सैकड़ो परिवारों के हजारो लोग प्रभावित होंगे। प्राथमिक सूचना के अनुसार होटल जोयो से लेकर भूतेडा तक फ्लाय ओव्हर बनेगा तो वह किस प्रकार बनेगा, किस ऊचाई का होगा, कितना लंबा और चोड़ा होगा, इसकी सम्पूर्ण जानकारी समिति ने पत्र के माध्यम से एमपीआरडीसी से मांगी हैं।

**चलाया हस्ताक्षर अभियान -**

सोमवार को सुबह 11 बजे शुरु हुआ धरना शाम 4 बजे तक चला, इस दौरान समिति ने हस्ताक्षर अभियान भी चलाया ताकि भूतेड़ा से जोयो चौराहे तक यदि व्यापार प्रभावित होता हैं, इसके विरोध में न्यायालय में जनहीत याचिका दायर की जा सके। ज्ञापन से पूर्व संघर्ष समिति के सदस्यों ने असलम मेव के नेतृत्व में जोयो चौराहा पर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान राधेश्याम पाटीदार, राहुल पाटीदार, जगदीश सोलंकी, जीतु मालवीय, राजेश धाकड़, मनोज मेहता, कुतुबुद्दीन बोहरा, अब्बास बोहरा, ईश्वर भैया, सतीश, विकास महांकाल, दिलीप धाकड़, शब्बीर बोहरा के साथ ही समाजसेवी सुनील पोखरना, निलेश मेहता उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय दसनाम गोस्वामी समाज की दत्तात्रेय जयंती पर बैठक आयोजित

## एमएसएमई मंत्री चेतन्य काश्यप को ज्ञापन दिया, मठ मंदिरों से अतिक्रमण हटाने की मांग

**रतलाम।**

अखिल भारतीय दसनाम गोस्वामी समाज के रतलाम जिला स्तरीय प्रतिनिधि मंडल ने भगवान दत्तात्रेय की जयंती पर बैठक आयोजित कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए।

अखिल भारतीय दसनाम गोस्वामी समाज के वरिष्ट राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश गिरी , युवा प्रदेश अध्यक्ष कमलपुरी , महासचिव दशरथ गिरी , अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील गिरी इंदौर एवं रतलाम मंडल के आचार्य अभिषेक गिरी ने आयोजन में आतिथ्य दिया।

सर्वप्रथम भगवान दत्तात्रेयजी के चित्र पर माल्यार्पण कर गोस्वामी समाज के विभिन्न मंडलो के महंतो एवं अध्यक्ष ने अपने मंडलो के आयोजनो की जानकारी दी। सभी मंडलो में परंपरा एवं समाज के कार्यो में समानता लाने पर जोर दिया गया। बैठक में गोस्वामी समाज के उज्जैन एवं बीकानेर के गुरूकुलों में प्रवेश के लिए भी जानकारी दी।

बैठक में गोस्वामी समाज एवं सनातन धर्म के सभी मठ मंदिरों एवं समाधि स्थलों के सरंक्षण के लिए शासन से मांग करने का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके बाद केबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप को इस सबंध में ज्ञापन भी दिया गया। युवा प्रदेश अध्यक्ष कमलपुरी ने बताया की रतलाम के समाधि स्थलों के सरंक्षण के साथ ही प्रदेश भर के मामले में मंत्री काश्यप से चर्चा की गई। अखिल भारतीय दशनाम गोस्वामी समाज ने पुजारियों को मठ मंदिरों के मालिकाना हक की मांग की है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, केन्द्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार को पत्र लिखा है। पुजारी को मठ मंदिरों पर मालिकाना अधिकार मिले एवं सरकार द्वारा ठोस पालिसी बनाने के लिए क्रमबद्ध आंदोलन की बात भी कही है।



### मध्यप्रदेश पुजारी बोर्ड का गठन किया जाए

युवा शाखा के प्रदेश अध्यक्ष कमलपुरी गोस्वामी ने बताया कि समाज ने मंत्री काश्यप के माध्यम से पीएम नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव से मांग की है कि पुजारी के उत्थान के लिए ठोस कदम उठाया जाय।समाज के मठ मंदिरों और समाधि स्थलों पर हो रहे अतिक्रमण तुरंत हटाए जाएं। मठ मंदिरों पर सरकारी हस्तक्षेप बंद हो।इसके लिए शासन एक ठोस नीति बनाए। ताकि मठ मंदिरों को संरक्षण मिले। मध्य प्रदेश के लाखों पुजारियों कई वर्षो से अपने अधिकार की लड़ाई लड़ते आ रहे हैं। पुजारी की आर्थिक स्थिति खराब होती जा रही है। मठ मंदिर की जमीन जिसमें 15 एकड़ तक सरकारी हस्तक्षेप से हमेशा के लिए मुक्त की जाए। पुजारी के उत्थान के लिए मध्य प्रदेश पुजारी बोर्ड का गठन किया जाए जिसमें समस्त पुजारियों का प्रतिनिधित्व हो। इस अवसर पर रतलाम मंडल के महंत भंवर गिरी , मंडल अध्यक्ष प्रकाश गिरी, सचिव विनोद गिरी, सह सचिव जसवंत गिरी, मंडल आचार्य अभिषेक गिरी, संजय पुरी , मनोहर पुरी पिपलौदा, विक्रम गिरी,शिव भारती, मुकेश भारती, जावरा मण्डल महन्त प्रदीप गिरी जी, पिपलौदा मण्डल अध्यक्ष दिलीप पुरी , मंगल गिरी ललित गिरी , मोहित गिरी, दीपक गिरी और समाज के वरिष्ट समाजजन उपस्थित हुए।

# रतलाम मंडल पर पेंशन अदालत दिसम्बर-2024 संपन्न

**रतलाम।**

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल पर पेंशन से संबंधित शिकायतों को दूर करने के लिए 16 दिसम्बर, 2024 को अपर मंडल रेल प्रबंधक अशफाक अहमद की अध्यक्षता में पेंशन अदालत का आयोजन किया गया।



रेलवे पेंशनर और पारिवारिक पेंशनरों से पूर्व में आवेदन मांगे गए थे। इस पेंशन अदालत में निर्धारित तिथि तक कुल 21 आवेदन तथा पेंशन अदालत वाले दिन 13 आवेदन प्राप्त हुए। सभी 34 आवेदनों का निपटारा किया गया। इस दौरान कर्मचारियों को और पारिवारिक पेंशनरों को वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्रीमती अरीमा भटनागर द्वारा रेलवे के नियम की जानकारी प्रदान की गई। अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री अशफाक अहमद ने उपस्थित सभी रेलवे पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों को आश्वासन दिया कि केवल पेंशन अदालत में ही नहीं बल्कि अन्य कार्य दिवस में भी पेंशनरों की समस्या पर कार्मिक विभाग और लेखा विभाग द्वारा पूर्ण सहयोग किया जाएगा।

पेंशन अदालत में करीब 60 रेलवे पेंशनर और पारिवारिक पेंशनर वरिष्ठ नागरिक उनके प्रतिनिधि, बैंक कर्मी उपस्थित रहे। सौहार्दपूर्ण तरीके से पेंशन अदालत संपन्न हुई।

इस अवसर पर अपर मंडल प्रबंधक अशफाक अहमद, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्रीमती अरीमा भटनागर, अंकित सोमानी वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक सहायक कार्मिक अधिकारी भाग राम मीणा के अतिरिक्त कार्मिक एवं लेखा विभाग के संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# समपार संख्या 175 से एक दिन सड़क आवागमन बंद

**रतलाम।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के नीमच - रतलाम खंड के दोहरीकरण के तहत जावरा-ढोढर खंड में किमी 337/35-37 के मध्य स्थित समपार संख्या 175 का विस्तार किया जाना है। समपार संख्या 175 के विस्तारिकरण कार्य को देखते हुए 17 दिसम्बर, 2024 को प्रातः 9 बजे से 18 दिसम्बर, 2024 को प्रातः 9 बजे तक सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए बंद किया जा रहा है। असुविधा से बचने के लिए सड़क उपयोगकर्ता इस दौरान रोड अंडर ब्रिज संख्या 409 ए का उपयोग कर सकते हैं। रोड अंडर ब्रिज संख्या 398 ए से अस्थाई रूप से आवागमन बंद रतलाम। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के नीमच - रतलाम खंड का दोहरीकरण शीघ्रता से किया जा रहा है। इसी क्रम में ढोढर-कचनारा खंड में किमी 319/01-03 पर रोड अंडर ब्रिज संख्या 398 ए का दोहरीकरण किया जाना है। रोड अंडर ब्रिज संख्या 398 ए का दोहरीकरण हेतु प्रस्तावित ब्लॉक के कारण 17 दिसम्बर, 2024 को 10.00 बजे से 10 जनवरी, 2025 के सायं 18.00 बजे तक सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए बंद किया जा रहा है। असुविधा से बचने के लिए सड़क उपयोगकर्ता इस दौरान समपार संख्या 164 का उपयोग

## पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर ऑनलाइन समाधान पोर्टल एवं सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का कैंप लगाकर किया जा रहा समाधान

**रतलाम।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को समाधान ऑनलाइन पोर्टल एवं सीएम हेल्पलीपर प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए अधिक से अधिक शिकायतों के निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अति पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा के मार्गदर्शन में जिले के सभी थानों पर ऑनलाइन समाधान पर प्राप्त शिकायतों के निराकरण हेतु कैंप का आयोजन किया गया। थाने पर संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा शिकायतकर्ता को बुलाकर शिकायत सुनकर त्वरित कार्यवाही करते हुए शिकायतों का निराकरण किया गया। सीएम हेल्पलाइन पर 1 नवंबर से अभी तक 575 शिकायते प्राप्त हुई थी जिनमें से 489 शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण किया गया। आगे भी थाना स्तर पर कैंप का आयोजन कर शेष शिकायतों का निराकरण जारी है।

## पुलिस का स्थाई वारंटियों की धरपकड़ हेतु विशेष अभियान जारी

**रतलाम।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा रतलाम द्वारा आदतन अपराधियों, विभिन्न प्रकरणों में फरार चल रहे वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश अधीनस्थ अधिकारियों को दिए गए थे। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम श्री राकेश खाखा के मार्गदर्शन में रतलाम पुलिस द्वारा विगत कई वर्षों से फरार चल रहे स्थाई वारंटीयो की धरपकड़ हेतु विशेष अभियान 12 सितंबर से प्रारंभ किया गया था। अभियान के अंतर्गत 01 दिसंबर तक रतलाम पुलिस द्वारा विभिन्न प्रकरणों में फरार चल रहे 229 स्थाई वारंटीयो को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया था। साथ ही 2587 गिरफ्तारी वारंट तामिल कराए गए थे। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में लगातार कार्यवाही करते हुए रतलाम पुलिस द्वारा 1 दिसंबर से 15 दिसंबर के मध्य 42 स्थाई वारंट एवं 744 गिरफ्तारी वारंट तामील कराए। अभियान के तहत अभी तक कुल 271 स्थाई वारंट, एवं 3331 गिरफ्तारी वारंट तामील कराए गए। रतलाम पुलिस का स्थाई वारंटियों की धरपकड़ अभियान लगातार जारी है।

**फल व्यवसायी अपनी दुकान के अन्दर ही व्यवसाय करें अन्यथा होगी चालानी कार्यवाही-प्रहलाद पटेल**

# हरमाला रोड सफाई व्यवस्था के दौरान फल विक्रेताओं को दिये निर्देश

**रतलाम।**

नगर को पूर्णतः स्वच्छ बनाने हेतु महापौर प्रहलाद पटेल द्वारा सफाई कार्य का आकस्मिक निरीक्षण अनवरत् जारी है जिसके तहत 15 दिसम्बर रविवार को हरमाला रोड सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर सफाई कार्य हेतु संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।



हरमाला रोड क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान फल विक्रेतओं द्वारा अपनी दुकान के बाहर व ठेले पर फल रखकर व्यवसाय करते पाये जाने पर महापौर प्रहलाद पटेल ने दुकानदारों को निर्देशित किया कि वे अपना व्यवसाय दुकान के अन्दर ही करना सुनिश्चित् अन्यथा सोमवार से जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी।

उन्होने दुकानदारों से कहा कि दुकान के बाहर व ठेले पर सामान रखकर व्यवसाय करने से यातायात बाधिक होता है जिससे दुर्घटना की संभावना तो बनती है साथ ही नागरिकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

निरीक्षण के दौरान महापौर प्रहलाद पटेल ने बताया कि रतलाम नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जायेगी। कार्य में लापरवाही बररतने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों के विरूद्ध निलंबन/सेवा से बर्खास्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

महापौर प्रहलाद पटेल ने निरीक्षण के दौरान नागरिकों से भी अपील की है कि वे अपने घर व दुकानों से निकलने वाले कचरे यहां-वंहा ना डालते हुए गीले एवं सूखे कचरे का स्त्रोत पर ही पृथक्कीकरण कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक भागों में डाले। उन्होने कहा कि स्वच्छता हेतु नगर निगम तो अपना कार्य कर ही रही नागरिकों का भी कर्तव्य है कि वे भी स्वच्छता में अपना अमूल्य योगदान देवें।

# कई स्थानों पर अवैध शराब और भांग की बिक्री पर शिकंजा, लाखों क अवैध सामग्री जब्त

इंदौर (मनीष शर्मा)। आबकारी विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए लाखों की अवैध सामग्री जब्त की गई विभाग से मिली खबर के मुताबिक आबकारी विभाग की टीम ने सप्ताहांत में की गई कार्यवाही में कुल 81 स्थानों पर छापेमारी कर 103 प्रकरण पंजीबद्ध किये जिसमें 1.88 लाख रुपये की अवैध सामग्री जप्त कि गई।





कलेक्टर के आदेश पर सहायक आबकारी आयुक्त मनीष खरे के निर्देश और आबकारी कंट्रोलर आर. एच. पचौरी के नेतृत्व में आबकारी विभाग ने 13 से 15 दिसंबर तक जिले के विभिन्न वृत्तों में बड़े स्तर पर छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न होटलों, ढाबों और अन्य संदिग्ध स्थानों पर अवैध शराब और भांग की बिक्री पर शिकंजा कसते हुए लाखों की अवैध सामग्री जब्त की गई।

अभियान के तहत विभाग ने टेस्ट ऑफ पंजाब ढाबा, मांगलिया, मानपुर, जामली, शांति नगर, तेजाजी नगर, पालाखेड़ी, शंकरपुरा, बेटमा, धरवार, देवास नाका, निरंजनपुर, बाणगंगा, एम आर-10, पत्थरनाला, तलाईनाका, स्कीम नंबर 54, और लसूडिया जैसे क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान 81 स्थानों पर छापेमारी करते हुए 103 प्रकरण दर्ज किए गए। कार्रवाई के दौरान विभाग ने 19.88 बल्क लीटर देशी शराब, 14.17 बल्क लीटर विदेशी शराब स्प्रिट, 24.5 बल्क लीटर विदेशी बियर, 0.9 किलोग्राम भांग 180 लीटर और 1160 किग्रा महुआ लहान जब्त किया गया।

जब्त की गई अवैध सामग्री की कुल कीमत 1 लाख 88 हजार 581रुपये आंकी गई है। जिले में चल रहे इस अभियान ने अवैध मादक पदार्थों के कारोबार में लिप्त लोगों को कड़ा संदेश दिया है। आबकारी विभाग ने आम जनता से अपील की है कि वे अवैध शराब और नशीले पदार्थों से संबंधित किसी भी सूचना को विभाग के साथ साझा करें, ताकि तुरंत कार्रवाई की जा सके।

# धारा में 9.6 तले जा रहे मप्र-छग के पेंशनर्स

इंदौर (मदन वर्मा ) भारत में 17 दिसंबर को 1983 से हर साल पेंशनर्स दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत में पेंशन प्रणाली ब्रिटिश सरकार द्वारा 1857 में लाई गई थी। यह योजना ब्रिटेन में उस समय प्रचलित पेंशन प्रणाली के समान थी, जिसे 1871 के भारतीय पेंशन अधिनियम द्वारा अंतिम रूप दिया गया था।



रक्षा मंत्रालय में तत्कालीन वित्त डीएस नाकारा 1972 में सेवानिवृत्त हुए। उन्हें भी अन्य पेंशनभोगियों की तरह पेंशन मिलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इसलिए उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। 17 दिसंबर 1982 को शीर्ष अदालत ने पेंशनभोगियों के पक्ष में फैसला सुनाया। दिवंगत न्यायमूर्ति वाई.वी. तत्कालीन भारत के मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने फैसला सुनाया था- ÷पेंशन न तो कोई उपहार है, न ही नियोक्ता की इच्छा पर निर्भर अनुग्रह का मामला है, न ही कोई अनुग्रह भुगतान है।

वर्तमान में पेंशनर्स को समय पर पेंशन, बढ़ती महंगाई राहत अनेक राज्यों में नहीं मिलती। सबसे अधिक शोषण वाला राज्य है मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ देश में ये अव्वल दर्जे के और अनोखे राज्य है जहां पेंशनर्स के साथ भेदभाव किया जाता हैं एवं

महंगाई समान बढ़ने के बावजूद समय पर राहत नहीं दी जाती।

यहां आठ-नौ माह देरी से देने का रिवाज बनाकर, इस जबरा ट्रेन्ड, परिपाटी का हरबार छद्म पालन किया जा रहा हैं। अनेक संगठन प्रभावहीन कमजोर से हो गये। इनकी मांगों पर सरकार

ध्यान नहीं देती। ये न कोई प्रभाव - दबावपूर्ण आंदोलन कर सकते। क्योंकि सारे चुनाव निपट चुके, दूसरा ये कोई प्रभावी वोट बैंक भी नहीं इसलिए इनका असर भी नहीं।

सत्तासीन दल अपनी लुभावनी योजनाओं को चलाने के आधार पर नया वोटबैंक बनाके उपयोग कर चुकी, अब कोई चुनाव नहीं। नियमित कर्मियों को समय पर मिल जाता हैं महंगाई भत्ता मगर

पेंशनर्स का एरियर हजम हो जाता है। पेंशनर्स संगठनों में बंटे, कोई एकता नहीं, कोई सक्रियता नहीं, पेंशनर्स संघों के आव्हान पर उपस्थित ना होकर, ना आर्थिक मजबूती देकर उन्हें मजबूत ही करेंगे। संगठनों के भीतर नेतृत्वों में आपसी कलह भी पेंशनर्स की एकता ना हो पाने की कमजोरी है।इसीलिए बहुत शोषण कर रही हैं धारा 49.6 मप्र-छग के पेंशनर्स को, राज्य पुनर्गठन आयोग 2000 की इस सीमा अर्थात प्रावधान, नियम की आड़ में, भ्रमित करके। बार-बार बेकलाईन पर खड़ा करके।

## आवासहीनों के लिए जिला प्रशासन की अभिनव पहल

इंदौर। कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा आवासहीनों के लिए अभिनव पहल की जा रही है। इसके तहत आर्थिक रूप से कमजोर और निम्न आय वर्ग के नागरिकों को प्लॉट/फ्लेट खरीदने का सुनहरा अवसर दिया जा रहा है। इसके लिए 21 और 22 दिसम्बर को लालबाग में विशाल आवास मेले का आयोजन किया गया है।

इस मेले में इंदौर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विकसित की जा रही लगभग 150 कॉलोनियों में EWS-LIG के लिये आरक्षित 5 हजार से अधिक भूखण्डों व फ्लेटों का विक्रय किया जाएगा।

संयुक्त कलेक्टर श्री प्रदीप सोनी ने बताया कि इंदौर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विकसित की जा रही कॉलोनियों में उपलब्ध EWS-LIG के लिये आरक्षित भू खण्डों व फ्लेटों का विक्रय इस मेले में किया जाएगा। यह मेला जिला प्रशासन द्वारा लालबाग परिसर इंदौर में 21 व 22 दिसम्बर 2024 को लगाया जाएगा।

मेला सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर शाम 7 बजे तक चलेगा। मेले में पात्र हितग्राहियों को भू खण्डों/फ्लेटों की आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। मेले का लाभ लेने के लिए आवेदक/पात्र हितग्राही आवेदन कर सकते हैं। आवेदक का मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना जरूरी है।

## जल जीवन मिशन के तहत कार्यों को तय समय सीमा में पूर्ण करें



इंदौर। संभाग में विभिन्न जिलों में जल जीवन मिशन के तहत एकल एवं समूह योजनाओं के कार्यों को समय सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। हैंड ओवर की प्रक्रिया में समुदाय एवं जनप्रतिनिधि गण की भागीदारी सुनिश्चित हो। रेस्टोरेशन के कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ प्राथमिकता से पूर्ण किये जाए।

मैदानी स्तर पर किसी भी तरह की लेटलतीफी और कार्य गुणवत्ता में बर्दाशत नहीं होगी। यह निर्देश आज लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव श्री पी नरहरि ने इंदौर संभाग में जल जीवन मिशन के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए दिये।

बैठक में उन्होंने जल निगम के तहत किये जा रहे कार्यों की योजना वार समीक्षा भी की। बैठक में संभागायुक्त श्री दीपक सिंह, प्रमुख अभियंता पीएचई श्री के. के सोनगरिया, इन्दौर संभाग के विभिन्न जिलों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, पीएचई के मुख्य अभियंता इंदौर परिक्षेत्र श्री विजय सिंह सोलंकी, मुख्य महाप्रबंधक जल निगम भोपाल श्री आलोक जैन, मुख्य अभियंता मैकेनिक परिक्षेत्र भोपाल श्री एल एन मालवीय विभाग के समस्त ईई, एसडीओ उपस्थित थे।

# जनक पलटा से रोटरी क्लब इंदौर सेंट्रल ने सीखे सामुदायिक सेवा के सूत्र

इंदौर। रोटरी क्लब ऑफ इंदौर सेंट्रल के 24 सदस्यो ने जिम्मी मगिलिगन सेंटर फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट आकर पद्मश्री जनक पलटा दीदी के साथ उनके बंजर टेकरी पर आधे एकड़ में विकसित पूर्णतय आत्मनिर्भर, हरे भरे,शुद्ध जैविक ,प्रदूष्णमुक्त ,कचरामुक्त परिसर को देख अभिभूत हुए।



सोलर ड्रायर, सोलर किचन, विभिन्न प्रकार के सोलर कुकरों पर कुकिंग होती देखी ,बायोडायवर्सिटी देखी, अनेको प्रकार के पेड़ पौधे देखे।

बिना किसी आर्थिक सहयोग से जनक दीदी अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति कर लेती हैं और बाजार से वे केवल नमक, चाय-पत्ती खरीदती हैं. अनाज, फल, यहां तक कि साबुन की भी आवश्यकताओं की पूर्ति वे अपनी जमीन के अरीठे से ही करती हैं. ।

अपनी सोलर और पवन ऊर्जा से वे बिजली प्राप्त करती हैं, न केवल खुद के लिए, बल्कि पड़ोस में आदिवासी परिवारों को भी 14 साल से निशुल्क देती हैं ।

एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से जनक दीदी ने अपनी जीवन यात्रा के बारे में बताया कि वो और उनके पति जिम्मी मगिलिगन , दोनों बहाई सेवा को समर्पित जीवन -साथी थे । सामुदायिक सेवा के लिए अपना ,तन -मन और आत्मा के संतुलन और संयम से जीवन के मुख्य उदेश्य की दिशा में प्रयासरत रहे ।

जिम्मी जी ने अपने हाथों इस भवन को खुद बनाया और सारी व्यवस्थाएं कर 2011 में एक दुर्घटना से उनका निधन हो गया । जनक दीदी ने कहा ÷ ईश्वर की कृपा से यह आत्मबोध हुआ कि ÷हमारे पास ये चॉइस नहीं है कि मरेंगे कैसे ? लेकिन निशचित ही यह चॉइस है कि हमें जीना कैसे कैसे है ! बस तभी से सस्टेनेबल चॉइस से जी रहीं हूँ।

क्लब अध्यक्ष शांता पारेख, क्लब सचिव जयश्री व्यास, कार्यक्रम संयोजक वी के नीमा, पूर्व मंडलाध्यक्ष सोहनलाल पारेख , विजय नारायण मित्तल, कमल भुराड़िया, रमेश तिवारी, जल प्रबंधन विशेषज्ञ सुधीन्द्र मोहन शर्मा , एवं अन्य सदस्य और पदाधिकारी उपस्थित थे. ।

क्लब अध्यक्ष शांता पारेख ने जनक दीदी का आभार मानते हुए कहा कि जनक दीदी आप हमारी रोल मॉडल है और असल में सच्ची रोटरी भावना के साथ कार्य कर रही हैं ।

# एक्ट्रेसेस जिन्होंने 2024 में टैलेंट और चार्म का जलवा बिखेरा

2024 में, इंडियन एक्ट्रेसेज ने दुनिया भर में अपनी टैलेंट और चार्म का जलवा बिखेरा है। सिनेमा से लेकर फैशन और इंटरनेशनल कॉलेवोरेशन तक, इन महिलाओं ने अपनी काबिलियत साबित की है और भारत को गर्व महसूस कराया है। तो चलिए डालते हैं अनवर एक नजर-





## दीपिका पादुकोण

दीपिका ने इतिहास बना दिया जब वो [illegible] अवार्ड्स में शामिल होने वाली पहली इंडियन बनीं। उन्हें डीडलाइन हॉलीवुड डिसरप्टर्स की लिस्ट में इकलौती भारतीय डिसरप्टर के रूप में जगह मिली, जो उनकी ग्लोबल इंपैक्ट को दिखाता है। अपनी फिल्मों के दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर हिट होने के बाद, दीपिका ने सिनेमा की क्वीन के तौर पर अपनी जगह पक्की कर ली है।

## आलिया भट्ट

बॉलीवुड स्टार आलिया भट्ट 2024 के पेरिस फैशन वीक में डेब्यू करने जा रही हैं। लोरियल पेरिस ब्रांड की ग्लोबल एम्बेसेडर के रूप में उन्होंने ले डेफिले लोरियल पेरिस के रैंप पर मशहूर प्लेस प्लेस डे लोपेरा में वॉक किया। इसके अलावा, इस साल मेट गाला 2024 में उन्होंने सब्यसाची साड़ी पहनकर सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा।

## जैकलीन फर्नांडीज

जैकलीन फर्नांडीज का ये साल बहुत शानदार रहा। उन्होंने जीन-क्लाउड वैन डैम के साथ [illegible] 2 में काम किया, जो इंटरनेशनल पहचान हासिल कर चुका है। उनका गाना स्टॉर्मराइडर ग्लोबल हिट बन चुका है और उनकी वर्सेटेलिटी को सराहा गया है। इसके अलावा, यूट्यूब स्टार मिस्टरबीस्ट के साथ उनकी चर्चा में रही कोलैबोरेशन ने उनकी ग्लोबल पॉपुलैरिटी और प्रभाव को और बढ़ाया। वो पहली इंडियन एक्ट्रेस हैं जिन्होंने वैन डैम और मिस्टरबीस्ट दोनों के साथ काम किया है।

## कृति सेनन

कृति भी ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर छाई रही हैं। उन्होंने स्न1 सिल्वरस्टोन इवेंट में सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा और लंदन फैशन वीक में अपनी स्टाइल से सबको इम्प्रेस कर दिया। पेपे जींस की ब्रांड एम्बेसेडर बनकर कृति ने फैशन की दुनिया में अपनी पहचान और मजबूत की है। उनकी को-प्रोडक्शन दो पट्टी ने ग्लोबल ट्रेंड सेट किया, जो उनकी क्रिएटिव सोच और बिजनेस स्किल्स को दिखाती है।

## रश्मिका मंदाना

रश्मिका ने मिलान फैशन वीक में दो बार भारत का नाम रोशन किया है और अपनी पोजीशन से सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा है। पुष्पा 2 की जबरदस्त सफलता के साथ, फिल्म ने ?1000 करोड़ से ज्यादा की कमाई अपने नाम की है। इस तरह से रश्मिका ने खुद को इंडियन सिनेमा की सबसे बड़ी हीरोइन के रूप में स्थापित कर लिया है, जिनकी ग्लोबल लेवल पर पहचान है। कहना गलत नहीं होगा की वो इस पीढ़ी की सबसे बड़ी हीरोइन बन चुकी हैं।

## श्रद्धा कपूर

श्रद्धा कपूर ने अबू धाबी ग्रैंड प्रिक्स में भारत का प्रतिनिधित्व किया, जो एक बड़ा इवेंट है और इसमें दुनियाभर के फिल्म, फैशन और स्पोर्ट्स से जुड़े लोग आते हैं। उन्होंने रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में भी अपनी शानदार मौजूदगी दिखाई। घर लौटने के बाद, श्रद्धा ने अपनी फिल्म स्त्री 2 की ब्लॉकबस्टर सफलता का जश्न मनाया, जिससे बॉलीवुड के सबसे पसंदीदा सितारों में उनकी जगह और पक्की हो गई।

## शोभिता धुलिपाला

सोभिता धुलिपाला के लिए यह साल बहुत शानदार रहा। देव पटेल की फिल्म मंकी मैन से उन्होंने हॉलीवुड में डेब्यू किया, जिसमें सिकंदर खेर के साथ मुख्य भूमिका निभाई और अपनी बेहतरीन एक्टिंग से सबका दिल जीता। इस साल दिसंबर में, सोभिता ने अभिनेता नागा चैतन्य से एक खूबसूरत पारंपरिक शादी की, जो खूब चर्चा में रही। इसके अलावा, वह आइसक्रीम ब्रांड मैग्नम इंडिया की एम्बेसेडर बनकर 2024 के 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में शामिल हुई और रेड कार्पेट पर अपनी जबरदस्त मौजूदगी दिखाई।

## अदिति राव हैदरी

77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में अदिति राव हैदरी ने अपनी ग्लैमरस लुक से सबका ध्यान खींचा, और फ्रेंच रिवेरा में मौजूद लोग उनकी तरफ आकर्षित हो गए। संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार में बिब्बोजान के किरदार में अपने शानदार अभिनय से हमें चौंका देने के बाद, अदिति राव हैदरी अपने तीसरे कान्स फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लेने के लिए फ्रांस लौटीं। जैसा कि उम्मीद थी, उन्होंने एक बार फिर से पूरी तरह से दिवा की तरह जलवा बिखेरा।

## तब्बू

आखिरकार, ड्यून- प्रोफेसी में तब्बू की मच अवेटेड भूमिका ने इंटरनेशनल फिल्म इंडस्ट्री में हलचल मचा दी है। यह फिल्म ड्यून फ्रैंचाइज़ की प्रीक्वल है, और उनके द्वारा निभाया गया महत्वपूर्ण किरदार ड्यून की जटिल दुनिया में नई परतें जोड़ता है। उनकी परफॉर्मेंस का इंतजार फैंस बड़ी बेसब्री से कर रहे हैं, जो उनके करियर के लिए एक अहम कदम साबित हो सकता है। इस बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा बनकर तब्बू ने अपनी ग्लोबल अपील को और मजबूत किया है।

## अनुष्का सेन

अनुष्का 2024 में ग्लोबल युथ आइकन बन गई है। उन्होंने टाइम्स स्क्वायर में लाइव परफॉर्म किया, और यह करने वाली पहली भारतीय बनीं। अनुष्का ने साउथ कोरिया के न्यू ईयर समारोह में घंटी भी बजाई और वहां के बिलबोर्ड्स पर भी दिखीं, जिससे उन्हें बड़ी पहचान मिली। उनकी कोलैबोरेशन कोरियाई ओलंपिक शूटर किम ये-जी के साथ भी रही, जो उनकी ग्लोबल अपील को और बढ़ाती है।

## बनिता संधू

बॉलीवुड में अपनी पिछली फिल्मों से मशहूर बनिता संधू अब ब्रिजर्टन सीजन 3 में अपनी भूमिका से इंटरनेशनल टीवी पर चर्चा में हैं। ये हिट नेटफ्लिक्स सीरीज, जो रोमांस को एक मजेदार और आधुनिक तरीके से दिखाती है, में संधू को एक बोल्ड और नए तरह के किरदार में दिखाया गया है, जिससे उन्हें दुनियाभर से तारीफ और फैंस मिले हैं।

2024 में इन महिलाओं ने सिर्फ एंटरटेन ही नहीं किया, बल्कि प्रेरित भी किया है, और यह साबित किया है कि इंडियन टैलेंट की कोई सीमा नहीं है और यह दुनिया भर में असर डाल रही है.

# बारिश से प्रभावित दिन में भारत 51/4 पर मुश्किल में

**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में लगातार ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामने टिक नहीं पाने के कारण भारतीय बल्लेबाज सोमवार को यहां तीसरे टेस्ट के बारिश से प्रभावित तीसरे दिन के अंत में 51 रन पर चार विकेट खोकर मुश्किल स्थिति में पहुंच गए। भारत ने पहले दिन ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 445 रन पर आउट कर दिया।



मेजबान टीम ने अपने कल के स्कोर में 40 रन जोड़े, जबकि बेजोड़ जसप्रीत बुमराह ने 6/76 के शानदार आंकड़े के साथ भारी काम करना जारी रखा। दूसरे दिन स्टीव स्मिथ और ट्रैविस हेड के शतकों के बाद एलेक्स कैरी ने 88 गेंदों पर 70 रन की मनोरंजक पारी खेली और ऐसे स्कोर की नींव रखी जो भारतीय पहली पारी के सिर्फ 14 ओवरों में ही काफी लग रहा था। केएल राहुल (33 रन) को छोड़कर, जो टिके रहने को तैयार थे, भारत के शीर्ष क्रम के किसी भी बल्लेबाज ने लड़ने का जज्बा नहीं दिखाया। लाल कूकाबुरा को खेलना तब से मुश्किल हो गया है, जब से उन्होंने 2020 में अपनी गेंद को मजबूत सीम पर अतिरिक्त लाह जोड़कर बदल दिया, जिससे यह मजबूत हो गई और पिच से अधिक मूवमेंट सुनिश्चित हुआ।इन परिस्थितियों में, भारतीयों को धैर्य रखने और पहले 25-30 ओवर खेलने की जरूरत थी, जब मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड जैसे गेंदबाज खेल रहे थे। लेकिन मेहमान शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने वह नहीं किया, जिसकी उनसे अपेक्षा की जा रही थी। विराट कोहली जैसे खिलाड़ी एक बार फिर ऑफ स्टंप के बाहर चैनल में गेंदों का सामना कर रहे थे।इसमें कोई संदेह नहीं है कि परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण थीं, लेकिन भारतीय बल्लेबाज स्मिथ की किताब से सीख ले सकते थे, क्योंकि उन्होंने शुरुआत में आकाशदीप और बुमराह की तेज गेंदबाजी के चुनौतीपूर्ण स्पैल का सामना करते हुए सूखा खत्म करने वाला शतक बनाया।

स्टार्क, हेजलवुड ने जल्दी ही स्ट्राइक की

ऑस्ट्रेलिया ने लगभग 450 रन बनाने के बाद, बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्टार्क ने दो और जोश हेजलवुड ने एक स्ट्राइक की, जिससे दोनों टीमों ने लंच से पहले ही मैच में 22 रन पर तीन विकेट गंवा दिए। दूसरे सत्र में पैट कमिंस ने ऋषभ पंत का बड़ा विकेट लिया, जिससे भारतीयों की स्थिति और खराब हो गई।लंच ब्रेक के बाद मध्यक्रम में वापस लौटे राहुल और पंत ने स्टार्क और हेजलवुड की जोड़ी की कुछ आक्रामक तेज गेंदबाजी का सामना किया, इससे पहले कि भारी बारिश ने खेल को बाधित कर दिया, जो उस दिन हुई कई बारिशों में से एक थी। कमिंस ने पंत के लिए तीन स्लिप और एक गली रखी, जबकि स्लिप कॉर्डन में चार लोग थे, और हेजलवुड के खेलने के दौरान राहुल के लिए एक गली रखी।जब स्टार्क के हाथ में लाल चेरी थी, तब उन्होंने तीन स्लिप और दो गली रखी। स्टार्क ने भारतीय पारी की दूसरी गेंद पर यशस्वी जायसवाल को आउट किया और फिर शुभमन गिल को आउट किया, इससे पहले हेजलवुड ने कोहली को आउट किया, क्योंकि मेहमान टीम एडिलेड में अपनी असफलताओं के बाद एक बार फिर दबाव में दिख रही थी।

जयसवाल को शॉर्ट मिड-विकेट पर मिशेल मार्श ने कैच आउट किया, जब वह स्टार्क की हाफ-वॉली को अपने पैड से क्लिप करने की कोशिश कर रहे थे।

गिल को वापस भेजा गया, जब मार्श ने भारत के तीसरे नंबर के खिलाड़ी की गेंद पर स्लिप कॉर्डन में शानदार कैच लपका, जो शरीर से दूर खेला गया था।कोहली को अब एक परिचित दृश्य में आउट किया गया, क्योंकि उन्होंने एक बार फिर एलेक्स कैरी के हाथों में गेंद जाने से पहले ऑफ साइड के बाहर एक लंबी गेंद का पीछा किया।कोहली के विकेट में स्टार्क का भी हाथ था। केएल राहुल द्वारा हेजलवुड की शॉर्ट बॉल को लॉन्ग लेग पर खींचने के बाद, स्टार्क ने एक निश्चित बाउंड्री को बचाने के लिए डाइव लगाई, जिससे पूर्व भारतीय कप्तान स्ट्राइक पर वापस आ गए। कोहली अगली ही गेंद पर आउट हो गए। हेजलवुड ने ऑफ स्टंप के बाहर कोहली को फुल-लेंथ गेंद दी, जिसके बाद कोहली ने गेंद को छोड़ने के बजाय ड्राइव करने का प्रयास किया, जिससे गेंद बाहरी किनारे पर जा लगी। यह चौथी बार है जब कोहली इस तरह से आउट हुए हैं। इससे पहले, दो स्लिप और एक गली के साथ, बुमराह ने 21 ओवर पुरानी गेंद से पारी की शुरुआत की। रात में 45 रन पर बल्लेबाजी करते हुए, कैरी ने रवींद्र जडेजा को फाइन-लेग की ओर चौका लगाकर सिर्फ 53 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। बुमराह ने एक और मेडन ओवर फेंकने के लिए वापसी की, इससे पहले मिशेल स्टार्क ने जडेजा की गेंद पर स्क्वायर लेग पर छक्का लगाने के लिए एक घुटने पर बैठकर स्लॉग स्वीप करने का फैसला किया। गाबा की पिच पर थोड़ा टर्न और बाउंस था, लेकिन जडेजा बाएं हाथ के बल्लेबाजों को बहुत सीधी गेंदें फेंकने के दोषी थे।

**संक्षिप्त स्कोर:** ऑस्ट्रेलिया पहली पारी- 117.1 ओवर में 445 रन पर ऑल आउट (ट्रैविस हेड 152, स्टीव स्मिथ 101; जसप्रीत बुमराह 6/76)।

**भारत पहली पारी:** 17 ओवर में 4 विकेट पर 51 रन (केएल राहुल 33 बल्लेबाजी; मिशेल स्टार्क 2/25)।

# खुदगर्जों की पार्टी बन गई कांग्रेस

**- पूर्व केंद्रीय मंत्री असलम शेर खान बोले**

**- दिग्विजय, कमलनाथ, पचौरी को दुर्दशा के लिए ठहराया जिम्मेदार**

इंदौर। पूर्व केंद्रीय मंत्री असलम शेर खान ने प्रदेश में कांग्रेस की दुर्दशा के लिए कमलनाथ, दिग्विजय सिंह और सुरेश पचौरी जैसे नेताओं को जिम्मेदार ठहराया है। अब उन्होंने यहां मतदाताओं को कांग्रेस से जोडने के लिए इंडियन वोट्स क्लब जैसा संगठन बनाकर मतदाताओं से सीधे जुड़ाव की रणनीति तैयार करते हुए इस पर काम करने की बात कही है। पूर्व मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में सामंती और पूंजीपतियों वाला दौर खत्म हो गया है। 2023 और 2024 में साफ हो गया कि मध्यप्रदेश में सामंती, पूंजीपतियों का नहीं अब गरीबों का दौर आयेगा।

पूर्व केंद्रीय असलम शेर खान ने कहा कि मध्यप्रदेश में दो-तीन लोग तो कांग्रेस चला ही रहे थे। दो तो जाते-जाते रुक गए, एक भाजपा में चले गए, एक बुरी तरह हार गए, अब उनका रोल थोड़ी चलेगा। राहुल गांधी ने मध्यप्रदेश इन्हीं लोगों पर छोड़ा हुआ था। इन्हीं को टिकट बांटना और संगठन चलाना था। कमलनाथ लगभग भाजपा में चले ही गए थे। उन्होंने कांग्रेस की पूरी विचारधारा को ही बदलकर उसको भगवा रंग दे दिया। यहां तक कह दिया कि हम भी हिन्दू राष्ट्र के समर्थक हैं। असलम शेर खान ने कमलनाथ की इस रणनीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि आप इस प्लेटफार्म पर भाजपा का मुकाबला कर सकेंगे क्या। उनका स्ट्रांग विकेट है वो। ये हिंदुओं का देश है मेजोरिटी का देश है। आप उनके पीछे-पीछे चले गए। उन्होंने गठरी बांध कर फेंक दिया।



### ये देश नेहरू, गांधी का था

असलम शेर खान ने कहा कि ये देश नेहरू का था गांधी का था। ये सेकुलर देश था। राहुल गांधी इसी लाइन पर काम कर रहे हैं, सही दिशा में काम कर रहे है, लेकिन उसे राज्यों में संभालने वाला कोई नहीं। मक्कार नीचे रहेंगे तो उसके सब मंसूबे फैल हो जाएंगे। मौजूदा संगठन पर असलम शेर खान ने कोई भी टिप्पणी करने से इनकार करते हुए कहा कि वे खुद को स्थापित करें। अपनी प्रतिभा बताएं, कर पाएंगे।

### कांग्रेस को 40 प्रतिशत लोग वोट दे रहे हैं

पूर्व केंद्रीय मंत्री असलम शेर खान ने कहा कि आज मैं देखता हूं हमारी टीम कहां कमजोर पड़ रही। कहां से हम हार रहे हैं। विधानसभा चुनाव में सिर्फ दो परसेंट वोट डिफरेंस था, जबकि उन्होंने मध्यप्रदेश को थाली में परोस कर दे दिया। असलम शेर खान ने कहा कि आज भी कांग्रेस को 40 परसेंट लोग वोट कर रहे बगैर किसी कोशिश के कोई संगठन नहीं, सही टिकट नहीं। 40 परसेंट लोग वोट दे रहे। उसी को तरतीब देने की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि साल 2028 में यह सरकार नहीं रहेगी। पूर्व मंत्री ने कहा कि हमें सीधे मतदाता के पास जाना चाहिए। अगर आप इस मुल्क को समझने की कोशिश करे तो मोदी, अमित शाह ने 2024 का इलेक्शन पूरा इस बुनियाद पर लड़ा था कि यहां हिन्दू राष्ट्र बनाना है।

उनकी पूरी कोशिश थी कि इस इलेक्शन को पोलराइज करना है, जिस तरह के वो भाषण दे रहे थे कि आपने कांग्रेस को मौका दिया तो ये बहनों के मंगलसूत्र छीन लेंगे, गाय खोलकर ले जाएंगे। हर तरह का जोर लगा दिया कि यह देश हिंदू राष्ट्र की शक्ल में उनको पावर दे दे, ताकि वो संविधान बदलकर इसका नाम भी बदलते, ये उनका लक्ष्य था। लेकिन धन्य है इस देश की जनता उन्होंने इसको नकार दिया। उनको 350 के बहुमत से उतार कर 240 पर ला दिया। असलम शेर खान ने कहा कि ये देश की जनता को बड़ा संदेश है। हमारे जैसे कार्यकर्ताओं को कि ये देश क्या चाहता है। कांग्रेस खुद भूल गई कि उसकी विचारधारा क्या थी। कांग्रेस खुदगर्जों की पार्टी बन गई।

# शीतकालीन सत्र में सरकार के साथ मंत्रियों को घेरेगी कांग्रेस

## वरिष्ठ मंत्रियों के विभाग की कुंडली तैयार कर रही विपक्षी पार्टी

इंदौर। विधानसभा और लोकसभा चुनाव मं मिली हार के बाद मप्र कांग्रेस अब आक्रामक तेवर अपनाएगी। इसके लिए पार्टी के रणनीतिकार तैयारी में जुट गए हैं। अपनी रणनीति के तहत कांग्रेस विधानसभा के शीतकालीन सत्र में प्रदेश सरकार के साथ ही मंत्रियों को घेरेगी। प्रदेश में भाजपा की मोहन सरकार को घेरने के लिए कांग्रेस की नजर वरिष्ठ मंत्रियों के विभागों पर है। 16 दिसंबर से प्रारंभ होने वाले विधानसभा के शीतकालीन सत्र में विधायकों से चुन-चुनकर प्रश्न लगवाए जा रहे हैं।

इसमें कानून-व्यवस्था, पदोन्नति, ओबीसी आरक्षण, महिला और अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग पर हो रहे अत्याचार के अलावा कृषि, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय विकास एवं आवास, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से जुड़े विषय प्रमुख हैं। प्रदेश की अर्थव्यवस्था के साथ निवेश के प्रस्तावों की स्थिति को लेकर भी सदन में सरकार को घेरने की तैयारी है।

प्रदेश कांग्रेस ने अनुसूचित जाति-जनजाति और पिछड़ा वर्ग के लोगों पर बीते दस माह में हुई अत्याचार की घटनाओं को लेकर अलग-अलग दल बनाकर जांच कराई थी। इनकी रिपोर्ट को आधार बनाकर कानून व्यवस्था के विषय पर सरकार को कठघरे में खड़ा करने का प्रयास सदन में करने की तैयारी की जा रही है। भोपाल में एमडी ड्रग्स बनने, मादक पदार्थों के बढ़ते उपयोग, अपहरण, महिलाओं और बच्चियों के साथ हुई अत्याचार की घटनाओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा। साथ ही कर्मचारियों से जुड़े पदोन्नति और ओबीसी आरक्षण पर सरकार से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की जाएगी।

### कर्मचारियों के मुद्दे अहम

दरअसल, प्रदेश में आठ वर्ष से पदोन्नतियां बंद हैं। हजारों कर्मचारी पात्र होने के बाद भी पदोन्नति के बिना ही सेवानिवृत्त हो गए। कांग्रेस ने ओबीसी आरक्षण 14 से बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया था, पर न्यायालय में मामला अभी भी लंबित है और 13 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण रोककर रखा गया है। लोक निर्माण विभाग में लगातार अनियमितता के प्रकरण सामने आ रहे हैं तो कई परियोजनाओं पर अभी तक काम ही प्रारंभ नहीं हुआ है।

### घोषणाओं को लेकर भी घेरने की तैयारी

किसानों से गेहूं का 2,700 और धान का 3,100 रुपये प्रति क्विंटल देने तो महिलाओं को लाड़ली बहना योजना में 3,000 रुपये देने, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना लागू करने जैसी कई घोषणाएं भाजपा ने विधानसभा चुनाव के पहले की थीं, पर क्रियान्वयन अब तक नहीं हुआ। शहरों के मास्टर प्लान अटके हुए हैं तो घर-घर नल से जल पहुंचाने की योजना में भी अनियमितताएं सामने आ रही हैं। इन सभी मुद्दों को लेकर विधायकों से कहा गया है कि वे विधानसभा में अपने क्षेत्रों के अलावा प्रदेशभर में प्रभाव रखने वाले विषयों को प्रमुखता से उठाकर सरकार से जवाब मांगें। उधर, विधानसभा में उपनेता हेमंत कटारे का कहना है कि आगामी विधानसभा सत्र में हम सरकार से वे सभी प्रश्न पूछेंगे, जो जनहित से जुड़े हैं।

वित्तीय प्रशासन गड़बड़ाया हुआ है तो रोजगार की बात बेमानी हो गई है। प्रशासनिक अराजकता की स्थिति है। विभागों में काम ही नहीं हो रहे हैं। हम विभागवार रिपोर्ट तैयार करेंगे और जनता के सामने सरकार की वास्तविकता लाएंगे।

# पाठ्यपुस्तक स्थाई समिति में भी संघ पृष्ठभूमि के लोग

## अध्यक्ष समेत 12 सदस्यों की 3 साल की नियुक्ति

इंदौर। राज्य शासन ने मप्र पाठ्यपुस्तक स्थाई समिति का पुनर्गठन कर दिया है। समिति के अध्यक्ष डॉ अलकेश चतुर्वेदी को बनाया गया है। इसके अलावा 10 अन्य सदस्य एवं 5 शासकीय अधिकारी भी शामिल हैं। स्थाई समिति के पदाधिकारियों की नियुक्ति 3 साल के लिए रहेगी। सरकारी अधिकारियों को छोडक़र ज्यादातर लोग संघ पृष्टभूमि से आते हैं। स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार पाठ्यपुस्तक स्थाई समिति में सदस्य के रूप में डॉ भागीरथ कुमरावत खरगौन, डॉ बलराम परमार देवास, डॉ रविन्द्र सोहोनी मंदसौर, डॉ अनुपम जैन इंदौर, डॉ प्रमलता नीलम दमोह, रामकुमार वैद्य सागर, शिरोमणी दुबे गुना, डॉ आशीष भारती भोपाल, डॉ विनय सिंह चौहान सीहोर और राजेश तिवारी प्रबंधक शारदा बिहार भोपाल को शामिल किया है। इसके अलावा शासकीय पदेन अधिकारियों में संचालक राज्य शिक्षा केंद्र, आयुक्त लोक शिक्षण, सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल, प्रबंध संचालक पाठ्यपुस्तक निगम को सचिव और संचालक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद को सदस्य सचिव बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले माध्यमिक शिक्षा मंडल में भी संघ पृष्टभूमि के 21 शिक्षकों को नामांकित किया जा चुका है।

### राव बने शिक्षा मंडल के उपसभापति

स्कूल शिक्षा विभाग ने एक अन्य आदेश में व्ही श्रीनिवास राव निवासी जबलपुर को मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल में उपसभापति (उपाध्यक्ष) नामांकित किया है। यह नियुक्ति 3 साल के लिए होगी।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड,
इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com